INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त- 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-209 | सांध्य दैनिक | मथुरा, बुधवार, 23 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# धान से बरसा धन, किसानों के हाथ मुनाफा



बुधवार को सौंख मार्ग स्थित मडी में धान को बोरियों में भरते श्रमिक।

## कम पैदावार के बावजूद एमएसपी से ज्यादा मिल रहा दाम

## बढ़े भाव ने बढ़ाया हौसला, किसानों के खिले चेहरे

## मंडी में 1509 धान की आवक शुरू, एमएसपी से ऊपर दाम

**यूनिक समय, मथुरा।** मंडी समिति में 1509 किस्म के धान की अगेती आवक शुरू हो गई है। इस बार बारिश और मौसम की मार से किसानों को पैदावार में कुछ नुकसान उठाना पड़ा है। पिछले वर्ष जहां प्रति बीघा करीब चार कुंतल धान की पैदावार हुई थी, वहीं इस बार यह घटकर करीब साढ़े तीन कुंतल के आसपास रह गई है। वहीं, मंडी में फसल के अच्छे भाव मिलने से किसानों को राहत मिली है।

मंडी में 1509 किस्म का धान करीब 3000 से 3750 रुपये प्रति कुंतल तक बिक रहा है।

यह सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति कुंतल से काफी अधिक है। अगेती फसल तैयार करने वाले किसान कटाई के बाद सीधे मंडी में धान लेकर पहुंच रहे हैं। बेहतर भाव मिलने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। मंडी में पहुंच रही फसल में फिलहाल नमी अधिक है। इसके चलते कुछ किसानों को अपेक्षाकृत कम भाव मिल रहा है।

> “एक अक्टूबर से जिले में धान की खरीद शुरू होगी। अभी शासन से धान खरीद के लक्ष्य के आने का इंतजार है। क्रय केंद्रों पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।
> **—संतोष कुमार, विपणन अधिकारी।**

आढ़तियों के अनुसार, मौसम साफ होने और धान के सूखने के बाद गुणवत्ता बेहतर होने पर भाव में और सुधार की संभावना है।

### किसान-आढ़तियों की बात



इस बार बारिश कम होने से पैदावार प्रभावित हुई है, उत्पादन भी कुछ कम निकल रहा है, लेकिन बाजार में अच्छे दाम मिलने से नुकसान की भरपाई हो रही है। धान तैयार होते ही मंडी में बेच दिया है।

**-शिवराम ठाकुर, चौमुहां।**



धान की अगैती फसल बेचने मंडी में आए हैं, पिछली बार से करीब एक हजार रुपया प्रति कुंतल भाव अधिक मिल रहा है। ऐसे में भाव ज्यादा होने से कम पैदावार होने की कोई चिंता नहीं है।

**-बाबूलाल, आझई।**



मंडी में अगैती धान की फसल आने लगी है। फिलहाल कुछ गीली आ रही है। बीते साल भाव जहां 26 सौ रुपये कुंतल था, जबकि इस बार किसानों को तीन हजार से 3750 रुपये कुंतल का भाव मिल रहा है।

**- ब्रह्मपाल सिंह, आढ़ती।**



मंडी में अगैती धान की फसल बिक्री को आ रही है। बुधवार को करीब 12500 कुंतल धान बिक्री को मंडी लाया गया, जैसा माल- वैसा भाव के अनुसार बिक्री हो रही है। किसानों को इस बार अधिक भाव मिल रहा है।

**- उमेश चतुर्वेदी, आढ़ती।**

सरकारी क्रय केंद्रों पर धान की खरीद प्रक्रिया एक अक्टूबर से शुरू होनी है। ऐसे में फिलहाल निजी व्यापारियों के हाथों हो रही खरीद किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।


## अंदर के पेजों की प्रमुख खबरें



साबुन-शैंपू पर भी दिखेगा वेज-नॉनवेज का निशान
पेज-11 पर



23 करोड़ से श्रीकृष्ण लीला थीम पर सजेगा जवाहर बाग
पेज-05 पर



वामन भगवान के जयघोष से गूंज उठी कृष्ण नगरी
पेज-12 पर

## किशोरी के लापता होने पर रिपोर्ट दर्ज

**यूनिक समय, वृंदावन।** डूडा कॉलोनी निवासी एक महिला ने बताया बेटी 21 सितंबर की सुबह करीब 9:30 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। जानकारी करने पर पता चला कि किशोरी को बब्बू के द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीने में उठा दर्द, जाम में फंसी जिंदगी

## अस्पताल पहुंचने से पहले ही तोड़ा दम

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर में बुधवार को एक बेहद हृदय विदारक घटना सामने आई। सीने में अचानक दर्द उठने पर परिजन एक व्यक्ति को बाइक से अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन नगर के जाम में फंसने के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सके और रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक कैलाश चंद निवासी कोसीकलां के सीने में अचानक तेज दर्द हुआ था। परिजन आनन-फानन में उन्हें बाइक पर बैठाकर अस्पताल के लिए निकले। लेकिन बल्देवगंज चौराहे पर नाला निर्माण के दौरान लगे लंबे जाम के कारण वे बीच रास्ते में ही फंस गए। काफी देर तक जाम में फंसे रहने के बाद जब तक वे अस्पताल पहुंचते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है। इंटरनेट मीडिया पर लोगों ने नगर में लगने वाले बेतरतीब जाम पर गहरी नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि यदि जाम न होता तो शायद उनकी जान बच जाती।

## जनता के सहयोग से तार चोर गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने चोरी के साथ एक अभियुक्त को पब्लिक के सहयोग से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने टीवी हॉस्पिटल से पब्लिक के सहयोग से अभियुक्त मौहम्मद शोएब मलिक मौहल्ला नंबर चार बिल्सी, बंदायू को चोरी के कॉपर के 15 किलो 920 ग्राम तारों को ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि कॉपर के तार चोरी के हैं।

# सलोनी गौतम बनीं गोवर्धन एसडीएम

## दो एसडीएम समेत तीन तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र बदले गए

## डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने जारी किए तबादला आदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने दो एसडीएम सहित तीन तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। आईएएस प्रशिक्षु सलोनी गौतम को गोवर्धन का नया एसडीएम बनाया गया है। गोवर्धन में तैनात एसडीएम सुशील कुमार सिंह को हटाकर जिला मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।

तहसील स्तर पर रजनीश कुमार रंधावा को तहसीलदार मांट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुशील कुमार गुप्ता को तहसीलदार गोवर्धन बनाया गया है, जबकि कृष्ण गोपाल मिश्र को तहसीलदार (न्यायिक) सदर की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासन की ओर से अधिकारियों को नए पदभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

### ठाकुरजी की पोशाक से लेकर पेड़ा, गोबर उत्पाद और मेटल-टेक्सटाइल तक दिखेगी नोएडा में

# ट्रेड शो में छाएगी ब्रज की पोशाक और पेड़े की मिठास




**यूनिक समय, मथुरा।** नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार मथुरा की पहचान सिर्फ उत्पादों से नहीं, बल्कि ब्रज की संस्कृति और मिठास से भी देश-दुनिया के सामने पहुंचेगी। ट्रेड शो में ठाकुरजी की आकर्षक पोशाक और मथुरा के प्रसिद्ध पेड़े प्रमुख आकर्षण रहेंगे। इनके साथ गोबर से तैयार उत्पाद, टेक्सटाइल और मेटल उत्पाद भी स्थानीय हुनर और उद्यमिता की तस्वीर पेश करेंगे।

25 सितंबर से शुरू हो रहे ट्रेड शो में मथुरा से 16 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इनमें ठाकुरजी की पोशाक तैयार करने वाले उद्यमी से लेकर मिठाई, टेक्सटाइल, मेटल और गोमय उत्पादों से जुड़े कारोबारी शामिल हैं। हॉल नंबर-10 में श्री अनादि इंडस्ट्रीज की रितु शर्मा समेत छह प्रतिभागी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। ब्रज में भगवान के श्रृंगार और पोशाक की अपनी विशिष्ट परंपरा है। ट्रेड शो में इन पोशाकों के प्रदर्शन से दर्शकों को ब्रज की धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत की झलक मिलेगी।

वहीं ओडीओपी हॉल नंबर-16 में वृंदावन स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के रोहन सिंह और वृंदावन स्वीट्स के गोपाल सिंह मथुरा के प्रसिद्ध पेड़े को लेकर पहुंचेंगे। पेड़ा मथुरा की ऐसी पहचान है, जिसका स्वाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के साथ जुड़ा हुआ है। बड़े व्यापारिक मंच पर पेड़े की मौजूदगी स्थानीय मिठाई उद्योग को व्यापक बाजार से जोड़ने का अवसर भी देगी।

### मेले में दिखेंगी ब्रज की विरासत :चंद्रभान सिंह



उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह का कहना है कि नोएडा के ट्रेड शो में मथुरा की तस्वीर धार्मिक आस्था, ब्रज की मिठास, पारंपरिक हुनर और आधुनिक कारोबार के संगम के रूप में नजर आएगी। ठाकुरजी की पोशाक और पेड़े के जरिए जहां ब्रज की सांस्कृतिक पहचान सामने आएगी, वहीं अन्य उत्पाद मथुरा में विकसित हो रहे स्थानीय उद्यमों की तस्वीर पेश करेंगे।

### गोबर से बने उत्पाद भी होंगे खास आकर्षण

हॉल नंबर-16 में गोमय पंचगव्य उत्पाद के मुनेश शर्मा भी प्रतिभाग करेंगे। गोबर से तैयार उत्पादों के जरिए पारंपरिक संसाधनों को नए बाजार और आधुनिक उपयोग से जोड़ने का प्रयास प्रदर्शित होगा। इसके अलावा हाउस ऑफ मेटल के अमन सक्सेना, आनंद शिवालिज्मार्ट के अंकित आनंद, जेकेकेपी एंड बुक बाइंडिंग के जितेंद्र कुमार अग्रवाल, गीतांजलि एंटरप्राइजेज की गीता चौधरी, नेचर शॉप के सुनील गंगवानी, देव टेक्सटाइल्स के राहुल अधिकारी, एनके छपरिया क्रिएशन्स की सीमा छपरिया समेत अन्य प्रतिभागी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे।



# नीलम, पुखराज जड़ित मोरपंखी धारण करेंगे गिरिराज महाराज



चांदी के पात्र का अनावरण करते जीएलए के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल, साथ है संस्थापक मुरारी अग्रवाल और अन्य।

### सोने की हीरा जड़ित बांसुरी से सजेगा गिरिराज स्वरूप

### 25 सितंबर को तलहटी में होंगे भव्य छप्पनभोग दर्शन

**यूनिक समय, मथुरा।** अनंत चतुर्दशी पर 25 सितंबर को गोवर्धन की तलहटी में होने वाले अलौकिक छप्पन भोग महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कृष्ण सभागार में आयोजित समारोह में जीएलए यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने नाथद्वारा से बनकर आए चांदी के पात्र का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने इंद्र का मान मर्दन कर ब्रजवासियों की रक्षा की। कृष्ण प्रेम, स्नेह और सद्भाव के प्रणेता हैं।

गिरिराज सेवा समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल ने प्रभु की छवि पर माल्यार्पण किया। उन्होंने बताया कि इस बार गिरिराज प्रभु सोने की हीरा जड़ित बांसुरी धारण करेंगे। महामंत्री अशोक कुमार आढ़तिया ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के लिए कोलकाता और ओडिशा के कारीगर भव्य ब्रह्मांड तैयार कर रहे हैं। मुख्य संयोजक राघवेंद्र गर्ग ने बताया कि गिरिराज प्रभु का श्रृंगार सोने-चांदी और सप्त रत्नों-हीरा, पन्ना, मोती, नीलम, गोमेद, पुखराज, माणिक और मूंगा से किया जाएगा। नीलम-पुखराज जड़ित मोरपंखी भी धारण कराई जाएगी। थाईलैंड, मलेशिया और मॉरिशस से आने वाले फूलों से तलहटी सजाई जाएगी। 24 सितंबर को सप्त नदियों के जल, कामधेनु के दूध और जड़ी-बूटियों से पंचरत्न महाभिषेक होगा। राजेंद्र कुमार सर्राफ, भगवान दास खंडेलवाल, अनमोल बंसल, दिनेश मंगल, कृष्ण कुमार कन्नू सर्राफ, सुनील बंसल सर्राफ, राकेश गर्ग, नीरज गोयल और लल्लू सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।




# श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर वामन स्वरूप में सजे केशवदेव

### प्राकट्य आरती और महाभिषेक में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### हरिनाम संकीर्तन और भंडारे में भक्तों ने लिया प्रसाद



वामन स्वरूप में सजे भगवान केशवदेव।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बुधवार को भाद्रपद शुक्ल द्वादशी पर भगवान विष्णु के पंचम अवतार भगवान वामन का प्राकट्योत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। ठाकुर श्री केशवदेव जी ने भगवान वामन के मनोहारी स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि भगवान वामन ने कश्यप ऋषि और माता अदिति के पुत्र के रूप में अवतार लेकर भक्तराज बलि का उद्धार किया और धर्म और लोकमंगल का संदेश दिया। प्रातः आठ बजे हरिनाम संकीर्तन और मंगल वाद्य यंत्रों के बीच भगवान वामन की विशेष प्राकट्य आरती और महाभिषेक किया गया। इसके बाद पीत पुष्पों से विशेष अर्चन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर धर्मलाभ लिया। श्रद्धालुओं को हलवा प्रसाद वितरित किया गया और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार से जन्मभूमि परिसर भक्तिमय बना रहा।

# श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया भगवती शरण देवाचार्य का तिरोभाव महोत्सव



**यूनिक समय, वृंदावन।** मदन मोहन कुंज में गुरुदेव भगवती शरण देवाचार्य का तिरोभाव महोत्सव वामन द्वादशी पर श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा और भक्तजन शामिल हुए और गुरुदेव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नारद पीठाधीश्वर गद्याचार्य हेमकांत शरण देवाचार्य ने बताया कि प्रातःकाल ठाकुर जी के पंचामृत अभिषेक के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद ठाकुर जी को नवीन-मनोहारी वस्त्र धारण कराए गए और भव्य आरती की गई। गुरुदेव भगवती शरण देवाचार्य की पावन चरण पादुकाओं का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने चरण पादुकाओं का पूजन कर गुरुदेव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

महोत्सव के दौरान संतों और वक्ताओं ने गुरुदेव के जीवन, भक्ति-साधना, सेवा,सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान का स्मरण किया। भजन-कीर्तन और गुरु महिमा के गुणगान से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। संतों ने श्रद्धालुओं से गुरुदेव के आदर्शों को अपनाकर धर्म, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। दिनभर दर्शन, पूजन, सत्संग और गुरु स्मरण के कार्यक्रम चलते रहे। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर गुरु चरणों में श्रद्धा अर्पित की। मदन मोहन कुंज में आयोजित महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और गुरु-भाव का अनुपम संगम बन गया।

# आयुर्वेद स्वस्थ जीवन का आधार, प्रकृति से संतुलन बनाकर रहने का संदेश

### कलेक्ट्रेट परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगा लोगों को मिली नि:शुल्क जांच, उपचार

**यूनिक समय, मथुरा।** आयुर्वेद दिवस पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल बीमारी का उपचार करने की पद्धति नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग है। नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, योग और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ रहा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा परंपरा आज भी लोगों को निरोगी जीवन की दिशा दिखाती है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद दिवस की थीम स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद है। शिविर में चिकित्साधिकारी खामिनी डॉ. ऋतु सांगवान,चिकित्साधिकारी सहार डॉ. रचना ने मरीजों की जांच कर उपचार और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. डिगम्बर सिंह ने बताया कि जिले के सभी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में धन्वंतरि पूजन के साथ स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। कृषि एवं वन विभाग के सहयोग से हर्बल गार्डन, औषधीय पौधों के वितरण और एक पौधा अपनाएं अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी, आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** नौहझील पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, हत्या के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त सोनू निवासी भैरई को निषादराज तिराहे के समीप से गिरफ्तार किया है।

# त्याग से आत्मशुद्धि की ओर बढ़ना ही धर्म



बुधवार सुबह जैन मंदिर चौरासी में विधान करते श्रावक- श्राविकाएं।

### दशलक्षण पर्व के आठवें दिन श्रद्धा से हुई उत्तम त्याग धर्म की आराधना

### आचार्य सूरत्न सागराचार्य ने त्याग का बताया आध्यात्मिक महत्व

**यूनिक समय, मथुरा।** दशलक्षण पर्व के आठवें दिन जैन समाज के श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ उत्तम त्याग धर्म की आराधना की। इस अवसर पर आचार्य सूरत्न सागराचार्य ने मंगल प्रवचन में कहा कि त्याग का अर्थ केवल वस्तुओं का परित्याग करना नहीं, बल्कि मोह, ममता, लोभ, अहंकार और कषायों का त्याग करना है।

उन्होंने कहा कि सच्चा त्याग वही है, जिसमें दान, सेवा और परोपकार के साथ अहंकार और फल की अपेक्षा भी समाप्त हो। संग्रह से संतोष, स्वार्थ से परमार्थ और आसक्ति से आत्मशुद्धि की ओर बढ़ना ही उत्तम त्याग धर्म है। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया। संजीव जैन, विशेष, वीरेन्द्र, राजू, मुनीश, योगेश, जयप्रकाश, निर्भय, अजय, बबीता, सुषमा, शिल्पी, मोनिका, सानू और मनीषा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विधान परिषद चुनाव में मतदेय स्थलों पर बैठक

# राजनीतिक दलों से आपत्ति और सुझाव 24 सितंबर तक मांगे



विधान परिषद चुनाव को लेकर हुई बैठक में मौजूद डीएम चंद्रप्रकाश सिंह आदि।

### आगरा खंड शिक्षक स्नातक सीटों पर 23 अक्टूबर को मतदान होगा

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक के पांच और खंड शिक्षक के छह निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी-डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में प्रस्तावित मतदेय स्थलों पर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गईं।

डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 22 सितंबर को निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया है। मथुरा में स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 19-19 मतदेय स्थल और 15-15 मतदान केंद्र हैं। अंतिम प्रकाशन के अनुसार, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 6683 मतदाता, जिनमें 4329 पुरुष और 2354 महिलाएं हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 10642 मतदाता हैं, जिनमें 7231 पुरुष और 3411 महिलाएं शामिल हैं। मतदान 23 अक्टूबर और मतगणना 27 अक्टूबर को होगी। नामांकन की अंतिम तिथि छह अक्टूबर, जांच सात अक्टूबर और नाम वापसी नौ अक्टूबर है। निर्वाचक नामावली में नाम बढ़ने की अंतिम तिथि 29 सितंबर है। आदर्श आचार संहिता 22 सितंबर से लागू है।

राजनीतिक दलों को मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध कराते हुए 24 सितंबर के पूर्वान्ह तक संबंधित एसडीएम या जिला निर्वाचन कार्यालय में लिखित सुझाव-आपत्ति देने को कहा गया। बैठक में वीरेन्द्र यादव, जनार्दन शर्मा, शिवदीप अग्रवाल, विकास सिंह, मुकेश कुमार धनगर, प्रेमप्रकाश, मुन्ना खान, बलवीर सिंह, अशोक कुमार, राजकुमार, मुनेन्द्र सिंह निगम, डॉ. पंकज कुमार वर्मा, राजीव कुमार सिंह, मोहित कुमार, चंद्रभूषण प्रताप, प्राजक्ता त्रिपाठी और मनोज खंडेलवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# लव मैरिज से नाराज भाई ने की जीजा की हत्या

**यूनिक समय, मथुरा।** बहन के साथ प्रेम विवाह करने से नाराज भाई ने साथियों के साथ अपने जीजा और उसके बड़े भाई को अगवा कर जीजा की हत्या कर दी, जबकि दूसरे को बुरी तरह से घायल कर दिया। प्रकरण में आरोपी बनाए गए सभी सात आरोपितों को दबोच लिया गया है।

बताया गया कि बंटी और शंकर मूल रूप से थाना जैंत के कोटा के रहने वाले हैं। थाना यमुनापार के गांव गौसना अपनी ननिहाल में अपना मकान बनाकर रहे हैं।

बंटी (22) पुत्र मान सिंह ने मई 2026 में थाना जैंत की कुंजनगर में

## दोनों भाईयों का अपहरण कर दिया घटना को अंजाम

## सात अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रहने वाले महेंद्र की बहन संजना के साथ कोर्ट मैरिज की थी। कोर्ट मैरिज से संजना के भाई और परिवारी बेहद नाराज थे।

बताया गया कि बंटी का बड़ा भाई शंकर जैंत क्षेत्र स्थित एक ढावे पर काम करता है। बंटी भी मजदूरी आदि का काम करता था।

परिवार के लोगों का कहना है कि दो दिन पूर्व संजना के भाई महेंद्र ने अपने अन्य साथियों के साथ शंकर को होटल से उठा लिया। इसके बाद बंटी को मंडी चौराहे से उठा कर चार पहिया वाहन में ले गए। दोनों भाईयों के साथ इन लोगों ने बुरी तरह से मारपीट की और गाड़ी से कल मांट रोड पर फैंक गए।

परिवार के लोगों का कहना है कि शंकर को जब होश आया तो उसने लोगों को बताया। जैंत पुलिस ने इस मामले में महेंद्र सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने बंटी के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सदर ने बताया कि इस मामले में मृतक बंटी की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुकदमे में अपहरण कर हत्या करने, आपराधिक षड्यंत्र समेत अन्य गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी की गई।

मामले में ललित, अवधेश, हरेंद्र, मनोज, राजू, महेंद्र, सुनील, भीमसेन, गुड्डी देवी और ममता निवासी कुंजनगर को आरोपी बनाया गया है। सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




# फल मंडी पर निगम की कार्रवाई



ठेल सचालकों को जुर्माने की रसीद देते नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर।

**यूनिक समय, मथुरा।** जवाहर बाग गेट के सामने मथुरा-आगरा मार्ग पर सड़क किनारे लगने वाली फल मंडी के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई की। नगर निगम की टास्क फोर्स और सेनेटरी इंस्पेक्टर ने सड़क के दोनों ओर लगी फल विक्रेताओं की ठेलों को हटवाया। इस दौरान कई विक्रेताओं के चालान किए गए और जुर्माना भी वसूला गया। कार्रवाई से फल विक्रेताओं में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग ठेल लेकर मौके से भागते नजर आए।

जवाहर बाग कॉलोनी के गेट के सामने सड़क किनारे दोनों ओर बड़ी

## सड़क घेरकर ठेल लगाने वालों के चालान कर जुर्माना वसूला

## कार्रवाई देख कई फल विक्रेता ठेल लेकर मौके से भागे

संख्या में फल विक्रेताओं की ठेल लगने से अक्सर जाम की स्थिति बनती है।

सड़क पर ठेल लगने के कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी के साथ आसपास गंदगी भी फैल रही थी।

शिकायतों के बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर ठेलों को हटवाया और सड़क खाली कराई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, सड़क पर अतिक्रमण कर फल बेचने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी निगरानी की जाएगी।

## सड़क किनारे आग लगाने वाले की तलाश

**यूनिक समय, मथुरा।** फल विक्रेताओं की ठेलों से निकलने वाले कूड़े में बीती रात किसी व्यक्ति ने आग लगा दी। वहां से गुजर रहे नगर निगम के अधिकारी की नजर आग पर पड़ी तो टीम को मौके पर भेजा गया। कर्मचारियों ने फल विक्रेताओं से आग लगाने वाले के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन किसी ने उसकी पहचान नहीं बताई। नगर निगम की टीम आग लगाने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## किशोर ने गोली मार की आत्महत्या

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे की विश्वलक्ष्मीनगर कॉलोनी में बुधवार भोर में ननिहाल में रह रहे किशोर ने गोली मारकर आत्महत्या करली। आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। किशोर राजवशं(15) अपनी ननिहाल विश्व लक्ष्मीनगर में रहा था। बताया गया कि आज करीब तीन बजे राजवंश ने तमंचे से गोली मार ली। गोली लगने का पता लगने पर परिवार में हड़कंप मच गया। राजवंश को गोली लगने से मौत हो गई। परिवार के लोगों ने उसकी मौत की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची हाईवे थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 20 पव्वा देशी शराब के साथ गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** मांट पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 पव्वा देशी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, चौमुहां निवासी रामू को नगला बैशला में उसके मकान से सामने से 20 पव्वा देशी शराब नगीना मार्का के साथ गिरफ्तार किया है।

# जिले में बढ़ती बिजली की भूख आठ माह में बढ़े कनेक्शन

## 15,500 नए कनेक्शन से विद्युत भार 38 मेगावाट बढ़ा

## वाणिज्यिक औद्योगिक क्षेत्र में भी 3,211 कनेक्शन जुड़े



**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। घरों के साथ दुकानों, प्रतिष्ठानों और उद्योगों में बढ़ती विद्युत जरूरत के चलते नए कनेक्शनों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। वर्तमान में जिले में करीब 5 लाख 48 हजार बिजली कनेक्शन हैं। इन पर कुल विद्युत भार लगभग 1,840 मेगावाट है। वहीं, जनवरी से अगस्त तक आठ माह में करीब 15,500 नए कनेक्शन जारी किए गए। इससे जिले के विद्युत भार में लगभग 38 मेगावाट की बढ़ोतरी हुई है।

विद्युत विभाग के आंकड़ों के अनुसार, नए कनेक्शन बढ़ने के साथ बिजली की मांग में भी लगातार वृद्धि हो रही है।

आठ माह में जुड़े नए कनेक्शनों ने ही करीब 38 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत भार बढ़ाया है। इससे जिले में बिजली की बढ़ती जरूरत का अंदाजा लगाया जा सकता है। नए कनेक्शनों में वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं की संख्या भी उल्लेखनीय है। जनवरी से अगस्त के बीच करीब 3,211 वाणिज्यिक और औद्योगिक कनेक्शन जारी किए गए। दुकानों, प्रतिष्ठानों और उद्योगों के विस्तार के साथ इन क्षेत्रों में बिजली की खपत बढ़ रही है।

## बिजलीघरों और ट्रांसफार्मरों पर बढ़ेगा दबाव

नए कनेक्शनों के लगातार जुड़ने से कुल विद्युत भार में आगे भी वृद्धि होने की संभावना है। बढ़ते भार का सीधा असर बिजलीघरों, ट्रांसफार्मरों और वितरण लाइनों की क्षमता पर पड़ता है। ऐसे में बढ़ती मांग के साथ विद्युत ढांचे को भी मजबूत करने की जरूरत होगी। पहले आठ महीनों में 15,500 नए कनेक्शन जुड़ना जिले में बढ़ती बिजली जरूरत की तस्वीर दर्शाता है।

# नंदगांव रोड पर ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कोसीकलां-नंदगांव रोड पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गांव सुरवारी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा भांजा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, 48 वर्षीय सलमा निवासी गांव जलालपुर अपने भांजे के साथ बाइक पर बैठकर कोसीकलां से अपने गांव जलालपुर जा रही थी। जैसे ही वे नंदगांव रोड पर सुरवारी गांव के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सलमा उछलकर ट्रैक्टर के नीचे आ गई और पहिये के नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में भांजा घायल और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर को छोडकर मौके से फरार हो गया। जिससे नंदगांव रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।



# फुटपाथ पर खंभों का जाल, सड़क पर चलने को मजबूर राहगीर



कोतवाली रोड पर फुटपाथ पर स्थापित ट्रांसफार्मर।

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर में पैदल राहगीरों के लिए बनाए गए फुटपाथ ही अब उनके रास्ते में बाधा बनते जा रहे हैं। कहीं बिजली के खंभे रास्ता रोक रहे हैं तो कहीं ट्रांसफार्मर और टेलीफोन के खंभों ने फुटपाथ की जगह घेर रखी है। हालात यह हैं कि कई स्थानों पर राहगीरों को फुटपाथ छोड़कर व्यस्त सड़क पर चलना पड़ता है। इससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है।

गोवर्धन चौराहे से भूतेश्वर तिराहा,

### सड़क पर स्थापित ट्रांसफार्मर भी बन रहे सुगम यातायात में बाधा

बीएसए कॉलेज से नए बस स्टैंड और कोतवाली रोड सहित शहर के कई प्रमुख मार्गों पर यह समस्या दिखाई देती है। इन रास्तों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी, महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य राहगीर गुजरते हैं। फुटपाथ पर खंभे या



आर्य समाज रोड रेलवे फाटक के पास लगा ट्रांसफार्मर।

बिजली के उपकरण लगे होने के कारण पैदल चलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। कई स्थानों पर फुटपाथ इतना संकरा हो गया है कि दो लोगों का एक साथ निकलना भी मुश्किल होता है। ऐसे में पैदल यात्री मजबूरी में सड़क के किनारे से गुजरते हैं। व्यस्त मार्गों पर तेज गति से निकलने वाले वाहनों के कारण स्थिति और जोखिम भरी हो जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ पैदल यात्रियों की सुविधा पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है।

फुटपाथों को अतिक्रमण और अनावश्यक बाधाओं से मुक्त कराया जाना चाहिए। बिजली और टेलीफोन के खंभों और ट्रांसफार्मरों को ऐसी जगह व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जहां पैदल आवागमन प्रभावित न हो। लोगों ने संबंधित विभागों से प्रमुख मार्गों का सर्वे कराकर फुटपाथों पर लगे खंभों और विद्युत उपकरणों को व्यवस्थित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कदम उठाए गए तो राहगीरों को सुरक्षित रास्ता मिल सकेगा और संभावित हादसों का खतरा भी कम होगा।





## छोटे किसानों को छह प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा दीर्घकालीन ऋण



मुख्यमंत्री कृषक सृमद्धि योजना, टैक्सी सेवा शुभारंभ के दौरान मौजूद विधायक राजेश चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, जिला सहकारी बैक लिमिटेड के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ से मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना और भारत टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया। जिले में भी इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। योजना के तहत उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक से लघु और सीमांत किसानों को दीर्घकालीन ऋण अब छह प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। पहले इस ऋण पर करीब 11 से 11.50 प्रतिशत तक ब्याज लिया जाता था।

मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत छह लाख रुपये तक के ऐसे दीर्घकालीन ऋण, जो पांच वर्ष या उससे अधिक अवधि के लिए स्वीकृत किए जाते हैं, पर छह प्रतिशत ब्याज दर लागू होगी। इससे खेती से जुड़े कामों

### कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

के लिए ऋण लेने वाले लघु और सीमांत किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सहकारिता आधारित भारत टैक्सी सेवा का भी शुभारंभ किया। सेवा से टैक्सी के साथ टू–व्हीलर और थ्री–व्हीलर चालक भी जुड़ सकेंगे।

इस मौके पर विधायक राजेश चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर, सुरेंद्र सिंह उपाध्याय, निहाल सिंह, जगदीश कुंतल सहित अन्य पदाधिकारी और संचालक मौजूद रहे।

## प्रभारी के पहले मथुरा दौरे में चुनावी तैयारियों पर किया मंथन





भाजपा की बैठक में तैयारियों पर बात करते प्रभारी प्रमोद गुप्ता, साथ हैं जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले के प्रभारी प्रमोद गुप्ता के प्रथम बार आगमन पर जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारियों की परिचय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यों और चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन किया गया।

प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने जिला पदाधिकारियों से परिचय कर संगठन की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया।

जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने प्रभारी का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक केवल परिचय तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बैठक है।

बैठक में सतपाल चौधरी, शोभाराम शर्मा, नरदेव चौधरी, सरदार सिंह, चंदन सिंह, नेत्रपाल सिंह, मुरारी लाल अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी, कमल किशोर, आकाश चौधरी, महामंत्री मुदिता गोस्वामी, सुरेश तरकर, ज्ञानेंद्र चौहान, भानु प्रताप सिंह सहित जिला संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वायरल गया, लेकिन दर्द चक्कर नहीं छोड़ रहे पीछा

**यूनिक समय, मथुरा।** मौसम बदलते ही वायरल बुखार ने जिले में लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। अस्पतालों में रोजाना मरीज बुखार, खांसी, जुकाम और शरीर में दर्द की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन बुखार ठीक होने के बाद भी कई लोगों का पीछा दर्द और कमजोरी नहीं छोड़ रही है। किसी को चक्कर आ रहे हैं तो किसी के सिर में दर्द बना हुआ है।

इन दिनों सरकारी अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों तक वायरल के मरीज पहुंच रहे हैं। अधिकतर मरीज ऐसे हैं, जिनका बुखार दवा लेने के बाद ठीक हो गया, लेकिन इसके बाद भी शरीर में दर्द और कमजोरी महसूस हो रही है। कुछ लोगों ने सिरदर्द और चक्कर की शिकायत को लेकर दिखाने पहुंच रहे है। बुखार उतरने के बाद भी पूरी तरह ठीक महसूस न होने से लोग परेशान हैं।

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. रवि माहेश्वरी ने बताया कि वायरल

### मौसम बदलते ही बढ़े वायरल के मरीज

ठीक होने के बाद कुछ लोगों में शरीर में दर्द, कमजोरी, चक्कर और सिरदर्द जैसे लक्षण कुछ समय तक रह सकते हैं। बीमारी के दौरान शरीर कमजोर हो जाता है, इसलिए सामान्य स्थिति में लौटने में थोड़ा समय लगता है। धीरे–धीरे आराम और चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवा लेने से यह परेशानी ठीक हो जाती है।

उन्होंने बताया कि वायरल के दौरान मरीज को आराम पर ध्यान देना चाहिए। पानी और अन्य तरल पदार्थ पर्याप्त मात्रा में लेते रहना चाहिए। खाना भी समय पर खाना जरूरी है। यदि बुखार दोबारा आता है या सिरदर्द, चक्कर और कमजोरी लगातार बनी रहती है तो चिकित्सक को दिखाना चाहिए। ऐसे में लोगों को बदलते मौसम में सावधानी बरतने और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर समय से उपचार लेने की जरूरत है।

## चेक बाउंस मामले में आरोपी की एक साल की सजा बरकरार

**यूनिक समय, मथुरा।** अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या तीन के न्यायाधीश राजेश पाराशर ने चेक बाउंस मामले में अभियुक्त हुकम सिंह की अपील खारिज करते हुए निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा है। अदालत ने हुकम सिंह को एक वर्ष की सजा और 12 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय कायम रखा।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अविनाश उपाध्याय ने बताया कि हुकम सिंह ने अपनी पड़ोसी महिला को 22 लाख रुपये में मकान बेचने का सौदा किया था। महिला ने बच्चों के लिए मकान की आवश्यकता होने पर अपने बैंक खाते से 10 लाख रुपये निकालकर उसे नकद दे दिए। इसके

### अदालत ने अपील की खारिज, अभियुक्त पर 12 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

बाद हुकम सिंह ने नया मकान बनाने के लिए समय मांगा और पुराना मकान खाली नहीं किया। महिला के लगातार दबाव के बाद भी रुपये वापस नहीं किए गए। इसके बाद महिला ने धारा 138 एनआई एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया। निचली अदालत ने हुकम सिंह को एक वर्ष की सजा और 12 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी। अपील पर सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायालय ने पूर्व निर्णय को बरकरार रखा।

## अक्टूबर में संचारी रोगों के खिलाफ चलेगा अभियान

**यूनिक समय, मथुरा।** अक्टूबर में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान चलाया जाएगा। तैयारियों को लेकर राजीव भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक हुई। इसमें संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने विभागों को आपसी समन्वय से अभियान चलाने और ब्लॉक और जनपद स्तर का माइक्रोप्लान तैयार कर 27 सितंबर तक सीएमओ कार्यालय में भेजने को कहा। बीटीएफ, टीटीएफ बैठकों और ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण समय से कराने के



सीडीओ डा. पूजा गुप्ता को संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए बनाई योजना की जानकारी देते स्वास्थ्य अधिकारी।

निर्देश भी दिए। चिकित्सा अधीक्षकों को उप जिलाधिकारियों व संबंधित विभागों के साथ तहसील टास्क फोर्स की बैठक कराने को कहा गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग और शहरी क्षेत्रों में नगर विकास विभाग के सहयोग से नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, फॉगिंग और लार्वानाशक दवा का छिड़काव कराया जाएगा। नगर पंचायत क्षेत्रों में भी सफाई और प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सूकर पालकों को जागरूक करने, सूकर बाड़ों की सफाई और दवा छिड़काव कराने को कहा गया। बैठक में सीएमओ डा. राधा बल्लभ, अपर

### सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने तैयारियों को दिए निर्देश

### गांवों–शहरों में सफाई फॉगिंग और दवा छिड़काव होगा

एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, नगरीय मलेरिया अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

## बीमारी से मरे वृद्ध का परिजनों ने कराया पोस्टमार्टम

**यूनिक समय, मथुरा।** इलाज के दौरान हुई एक वृद्ध की मौत पर परिवारीजनों के अनुरोध पर पुलिस ने वृद्ध का पोस्टमार्टम कराया है। थाना फरह के गांव कवायला निवासी थान सिंह (60) का काफी समय से इलाज चल रहा था। बताया गया कि कल उनकी तबीयत अधिक खराब होने पर उनके भाई ने सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पोस्टमार्टम ग्रह पर उनके भाई ने बताया कि हालांकि उनकी मौत साधारण मौत है। वह उसके पास रह रहे थे, इस लिए परिवार में आगे कोई विवाद न हो, इसके लिए उनका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# 23 करोड़ से श्रीकृष्ण लीला थीम पर सजेगा जवाहर बाग


बुधवार को जवाहर बाग में निरीक्षण करते नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

## वेस्ट टू वंडर पार्क में दिखेंगी कृष्ण की प्रमुख लीलाएं

## नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

**यूनिक समय, मथुरा।** सिविल लाइंस स्थित राजकीय उद्यान जवाहर बाग को लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक 'वेस्ट टू वंडर पार्क' के रूप में विकसित करने की तैयारी है। वैश्विक नगर सृजन योजना के तहत प्रस्तावित परियोजना को लेकर नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने बुधवार को जवाहर बाग का स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त ने जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य अभियंता निर्माण, सहायक अभियंता निर्माण और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ पार्क का भ्रमण कर प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी ली। प्रस्तावित श्रीकृष्ण लीला थीम में बाल स्वरूप, गोकुल की लीलाएं, माखन चोरी, गोवर्धन लीला, कालिया नाग मर्दन, रासलीला, कंस वध, मथुरा आगमन और द्वारका नगरी से जुड़े प्रसंगों को कलात्मक ढंग से प्रदर्शित किया जाएगा। वेस्ट टू वंडर की अवधारणा के तहत अनुपयोगी और अपशिष्ट सामग्री से आकर्षक कलाकृतियां और थीम आधारित संरचनाएं तैयार की जाएंगी। इससे पर्यावरण संरक्षण, पुनर्चक्रण और स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र और अन्य औपचारिकताएं जल्द पूरी कर अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। नर्सरी और अन्य हरित क्षेत्रों को यथासंभव सुरक्षित रखते हुए संशोधित लेआउट तैयार करने को कहा। पार्क में लैंडस्केपिंग, हरित क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था, पैदल पथ, प्रकाश, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। परियोजना से जवाहर बाग ब्रज संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।




# परिषदीय विद्यालयों की बदली तस्वीर बच्चों ने चित्रों में सजाया सपनों का भारत


कारब के पीएम श्री विद्यालय में आयोजित सेवा संकल्प अभियान में हुई चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ विधायक पूरन प्रकाश आदि।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत पीएम श्री विद्यालय कारब में की चित्रकला प्रतियोगिता

**यूनिक समय, मथुरा।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कारब में मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला-पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन बीएसए रतन कीर्ति के मार्ग दर्शन में किया गया।

कार्यकम में विधायक पूरन प्रकाश प्रतियोगिता में पहुचंकर बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों को देखा और उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। शुभारंभ विधायक ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित-माल्यार्पण कर किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विधायक ने कहा कि सरकार ने परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदलने का काम किया है। विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने से बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल रहा है। उन्होंने विद्यालय में संचालित एलबीटी कक्षा–कक्ष, खगोलीय कक्ष, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी और कंप्यूटर कक्ष का भी निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में बीडीओ राया सत्येंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राया दिनेश त्रिपाठी, राजीव शर्मा,अनुपम शीतल,संजय सिंह आदि मौजूद रहें। संचालन मुकेश अग्रवाल और भावना अरोड़ा ने किया।

# अक्षित ठाकुर के नाबाद शतक से सीएई मथुरा की शानदार जीत


टीम के साथ बल्ला उठाए शतकवीर अक्षित ठाकुर।

## सेंट डोमिनिक्स क्रिकेट अकादमी को चार विकेट से हराया

**यूनिक समय, मथुरा।** सेंट डोमिनिक्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए 40 ओवर के अंडर–19 क्रिकेट मुकाबले में क्रिकेट अकादमी फॉर एक्सीलेंस (सीएई) मथुरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंट डोमिनिक्स क्रिकेट अकादमी को चार विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट डोमिनिक्स ने 40 ओवर में आठ विकेट खोकर 206 रन बनाए। जवाब में सीएई मथुरा ने 34.4 ओवर में छह विकेट खोकर 209 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

सेंट डोमिनिक्स की ओर से सूरज तोमर ने 64 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 51 रन बनाए। सोनिया ने 76 गेंदों पर 44 रन और जयवीर चौधरी ने 27 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन बनाए। सीएई की ओर से अर्पित सिंह ने छह ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि अमन शर्मा ने दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रुद्र प्रताप सिंह खाता खोले बिना आउट हो गए, जबकि लव चौधरी ने 23 रन बनाए। इसके बाद अक्षित ठाकुर ने मोर्चा संभालते हुए शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 92 गेंदों पर नाबाद 119 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और चार छक्के शामिल रहे। अक्षित की पारी की बदौलत सीएई ने लक्ष्य हासिल कर लिया। अक्षित ठाकुर को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# मंडलीय बॉक्सिंग ट्रायल में दम दिखाएंगे मथुरा के पांच खिलाड़ी

## 25 सितंबर को आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा सीनियर पुरुष बॉक्सिंग चयन ट्रायल


मंडलीय बॉक्सिंग ट्रायल प्रतियोगिता के लिए अभ्यास करते खिलाड़ी ।

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा के पांच सीनियर पुरुष बॉक्सर मंडलीय चयन ट्रायल में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। मंडलीय सीनियर पुरुष बॉक्सिंग चयन ट्रायल का आयोजन 25 सितंबर को आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। मथुरा से चयनित खिलाड़ियों को मंडलीय ट्रायल में प्रतिभाग करने के लिए भेजा जा रहा है। मंडलीय चयन ट्रायल के लिए मथुरा से मुस्कीम, विजेन्द्र, मनीष, राहुल लोहकाना और आकाश गावर का चयन किया गया है। ये खिलाड़ी अपने–अपने भार वर्ग में ट्रायल में हिस्सा लेंगे।

उप कीड़ा अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि मंडलीय ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

## वांछित बलात्कारी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** राया पुलिस ने बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त सुहेल निवासी चामुंडा कॉलोनी ने एक किशोरी को बहला–फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। विरोध करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस अभियुक्त सुहेल को बरेली हाईवे बल्देव रोड अंडर पास के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

# डीएलएड परीक्षा के आखिरी दिन खिले छात्रों के चेहरे

## तीन पेपर देकर केंद्रों से बाहर निकले परीक्षार्थी बोले– उम्मीद से बेहतर रहा पेपर

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में चल रही डीएलएड परीक्षा बुधवार को आखिरी दिन शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। परीक्षा के अंतिम दिन केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ रही। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले छात्रों के चेहरों पर राहत और खुशी जाहिर की। जिले में परीक्षा देने के लिए दूसरे प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में छात्र पहुंचे थे।

जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर बुधवार को निर्धारित समय पर परीक्षा शुरू हुई। आखिरी दिन परीक्षार्थियों को तीन पेपर देने पड़े। जीआईसी इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों ने बताया कि पहली पाली में हिंदी और संस्कृत के प्रश्नपत्र हुए, जबकि दूसरी पाली में कंप्यूटर विषय की परीक्षा आयोजित की गई। छात्रों ने बताया कि तीनों पेपर उम्मीद से बेहतर हुए है। परीक्षार्थियों के अनुसार, प्रश्नपत्र में पूछे गए अधिकांश सवाल सरल थे। परीक्षा शुरू होने से पहले कुछ छात्रों में पेपर को लेकर थोड़ी चिंता थी, लेकिन प्रश्नपत्र हाथ में आते ही उनकी परेशानी दूर हो गई। डीएलएड परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं भी की गई थीं। दूसरे प्रदेशों से आए परीक्षार्थियों ने बताया कि डीएलएड की पढ़ाई और परीक्षा के लिए उन्हें मथुरा आना पड़ा। परीक्षा पूरी होने के बाद अब उन्हें परिणाम और आगे की प्रक्रिया का इंतजार है।

# विकसित भारत के निर्माण में युवा निभाएंगे निर्णायक भूमिका



बीसीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों से विकसित भारत पर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रो. शिवराज भारद्वाज।

## राजीव एकेडमी में विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

## प्रो. शिवराज भारद्वाज ने कौशल और नवाचार पर दिया जोर

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आरएटीएम) में बीसीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 'विकसित भारत@2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी, शोध वैज्ञानिक-प्रेरक वक्ता प्रो. शिवराज भारद्वाज ने विद्यार्थियों से संवाद कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्रो. भारद्वाज ने कहा कि वर्ष 2047 के विकसित भारत के निर्माण में आज के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासा, अनुशासन और निरंतर सीखने की आदत विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कौशल विकास और तकनीकी ज्ञान के माध्यम से युवा राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकते हैं। उद्यमिता, शोध, जनसेवा और जिम्मेदार नागरिक के रूप में भी युवा अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर चुनौतियों को अवसर में बदलने और उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। साथ ही सफलता के साथ नैतिक मूल्यों को बनाए रखने पर जोर दिया।


आरएटीएम के निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने कहा कि देश के युवा विकास की बड़ी शक्ति हैं। उन्हें उचित दिशा, कौशल और अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। संस्थान के चेयरमैन डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत का सपना शिक्षित, कुशल, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार युवाओं से ही साकार होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी ज्ञान के साथ अनुशासन, संस्कार और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

## मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**यूनिक समय, वृंदावन।** जवाहर निवासी गांव मांट राजा थाना मांट ने बताया कि उनका पुत्र सुजीत माली एक होटल में तंदूर पर काम करता है। होटल मालिक के कहने पर वह मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति को छोड़ने के बाद वापस लौट रहा था। शनिदेव मंदिर के पास गेस्ट हाउस के निकट वह अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करने के लिए रुका था। इसी दौरान काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके पुत्र की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। ऑपरेशन के बाद पैर में रॉड डाली गई।

# कोसी की आबोहवा में घुला नवीपुर का धुआं, लोग परेशान

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नवीपुर औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं और धूल को लेकर कोसीकलां के लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित रहने वाला प्रदूषण अब नगर की आबोहवा को भी प्रभावित कर रहा है। सुबह और शाम कई इलाकों में धुआं और धूल दिखाई देने के साथ केमिकल जैसी गंध महसूस होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।



क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, फैक्ट्रियों से निकलने वाले काले धुएं और डस्ट के कारण आंखों में जलन, गले में खराश, खांसी और सांस लेने में परेशानी जैसी शिकायतें बढ़ी हैं। उनका कहना है कि बुजुर्गों और बच्चों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम के समय कई स्थानों पर तीखी गंध के कारण लोग घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने को मजबूर होते हैं।

## काले धुएं और केमिकल की गंध से लोग परेशान

## प्रदर्शन और ज्ञापन के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप

प्रदूषण को लेकर स्थानीय स्तर पर पहले भी विरोध प्रदर्शन और रैलियां आयोजित किए जाने की बात कही जा रही है। लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग भी की है। इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बाद विभागीय अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचते हैं, लेकिन स्थायी कार्रवाई नहीं होती। लोगों ने प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों की नियमित जांच, उत्सर्जन की निगरानी और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, फैक्ट्री संचालकों और संबंधित विभाग का पक्ष सामने नहीं आया है।

# साधू वेषधारी पिटाई मामले में दोनों पक्षों ने दी तहरीर

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन के गैस्टहाऊस में महिलाओं द्वारा एक साधु वेषधारी की गई पिटाई के वायरल वीडियो मामले में दोनों पक्षों द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। एसपी सिटी राजीव सिंह ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक साधु वेषधारी के साथ महिलाओं द्वारा मारपीट की गई। इस मामले में यह संज्ञान आया है कि महिला सपना उपाध्याय और हेमंत गिरी दोनों कई सालों से चित्तोड़गढ़ के आशावर माता मंदिर पर रह रहे थे। दोनों के बीच कुछ विवाद हुआ तो उसकी सूचना थाना चित्तोड़गढ़ में दी गई। थाने में दोनों का समझौता हो गया। फिर विवाद उत्पन्न हुआ है। घटनास्थल चित्तोड़गढ़ का है। जहां इनका विवाद चल रहा है। यहां पर जो वीडियो वायरल हुआ, उसमें सपना उपाध्याय की ओर से बाबा हेमंत गिरी को यहां बातचीत करने के लिए बुलाया गया था। बातचीत के दौरान दोनों में विवाद हो गया। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा तहरीर दी गई है। पुलिस इस मामले में जांच कर कार्रवाई करेगी।

# वामन भगवान ने राजा बलि को दिया सुतल लोक का राज



वामन भगवान की गोष्ठी में मौजूद सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान की ओर से प्राचीन ठाकुर श्री केशव देव मंदिर परिसर में वामन भगवान पर गोष्ठी आयोजित की गई। शुभारंभ संस्थान अध्यक्ष पंडित सोहनलाल शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा, दिवाकर आचार्य और बिहारी लाल गोस्वामी ने वामन भगवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। गोष्ठी में दीपक चतुर्वेदी ने भगवान वामन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका अवतार भाद्रपद शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि, श्रवण नक्षत्र में अभिजीत बेला में हुआ था। नारायण प्रसाद शर्मा ने श्रीमद्भागवत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि राजा बलि नर्मदा नदी के किनारे 100वें अश्वमेध यज्ञ का आयोजन कर रहे थे। इसी दौरान भगवान वामन बाल रूप में पहुंचे और तीन पग भूमि दान में मांगी।

पंडित सोहनलाल शर्मा ने बताया कि भगवान वामन ने तीन पग में सब कुछ नापकर राजा बलि को सुतल लोक का राजा बना दिया। कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि शुक्राचार्य ने बलि को दान देने से रोका, लेकिन उन्होंने संकल्प पूरा किया। बिहारी लाल गोस्वामी ने कहा कि दो पग में पृथ्वी और आकाश नापने के बाद तीसरे पग के लिए बलि ने अपना सिर प्रस्तुत किया। अध्यक्षता मुकुममानी शर्मा ने की। इस अवसर पर नीरज वशिष्ठ, पार्षद शशांक शर्मा, पार्षद वृंदावन खेमचंद शर्मा एडवोकेट, साहित्यकार दीपक चतुर्वेदी और श्याम बिहारी भार्गव को माला, दुशाला और वामन भगवान की छवि भेंटकर सम्मानित किया गया। बैठक में सुरेंद्र मुकुट वाले, विवेक उपाध्याय, इंजीनियर जयप्रकाश मैथिल, पीपी शर्मा, राकेश गौड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुग्धाभिषेक के साथ मां पथवारी देवी से पदयात्रा की तैयारी शुरू



कोसीकलां में पथवारी देवी मंदिर पर दुग्धाभिषेक करते कमेटी के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** मां पथवारी देवी पदयात्रा कमेटी ने पथवारी देवी पर दुग्धाभिषेक कर मां सांचौली देवी पदयात्रा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पदयात्रा कमेटी अध्यक्ष राहुल सक्सेना ने बताया कि यह 19 वीं विशाल पदयात्रा 25 अक्टूबर रविवार को तालाब स्थित मां पथवारी मंदिर से नगर भ्रमण करती हुई हजारों श्रद्धालुओं के साथ मां सांचौली देवी मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी।

यात्रा में डीजे और बैंडबाजे के साथ उत्सवमय माहौल रहेगा। नगर के संभ्रांत समाजसेवियों और कमेटी की ओर से विभिन्न स्थानों पर जलपान की व्यवस्था भी की जाएगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर देवी जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में भाजपा नेता तरुण सेठ, सौरभ बिछोरिया, दाऊदयाल अग्रवाल, संजय जयसवाल, यादराम मैथिल, राधे अग्रवाल, भगवत मैथिल, कन्हैयालाल मंगला, पंकज गोयल, कपिल खंडेलवाल, बिहारी लाल पूर्व सभासद समेत अनेक पदाधिकारी-श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्याम संकीर्तन में देर रात तक गूंजे बाबा श्याम के जयकारे

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री श्याम लखदातार परिवार के तत्वावधान में मंगलवार को सीवी गार्डन में भव्य श्याम संकीर्तन और पहली बार नंद उत्सव का आयोजन किया गया। महामंडलेश्वर श्री राधा प्रसाद जू और महंत मोहिनी शरण के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया।

कार्यक्रम में बाहर से आए प्रसिद्ध भजन प्रवाहकों ने बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। पूरे कार्यक्रम स्थल पर बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

आयोजन के दौरान पहली बार नंद उत्सव भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं।

झांकियों के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्याम लखदातार परिवार के कार्यकर्ताओं और सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा।



नंद उत्सव में सजाए गए पांडाल में विराजमान भगवान खाटू।

## 27 सितंबर को होगा राधाष्टमी बधाई और झूलन महोत्सव

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के रामनगर स्थित तोताराम मंदिर में राधाष्टमी बधाई और झूलन महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्रीजी सेवा परिवार द्वारा आयोजित महोत्सव रासबिहारी दास (गिरी बाबा) और पूज्य बक्सर वाले मामा जी के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम 27 सितंबर को शाम सात बजे तोताराम मंदिर, रामनगर में किया जाएगा। महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक स्वामिनी शरण (ऋषी पाठक) भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## वामन जयंती पर हुआ दिव्य हवन-यज्ञ, विश्व कल्याण की कामना की

**यूनिक समय, कोसीकलां।** बुधवार को नगर में भगवान विष्णु के पांचवें अवतार भगवान वामन की जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पंच यज्ञ प्रचारिणी सभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ हुआ। संस्थापक आचार्य विवेक उपाध्याय के ब्रह्मत्व में भगवान वामन का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आहुतियां दी गईं और सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना की गई। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. रामदेव भारद्वाज ने कहा कि भगवान वामन का अवतार अहंकार के अंत का प्रतीक है। जब दैत्यराज बलि ने पृथ्वी और स्वर्ग पर अधिकार कर लिया था, तब भगवान विष्णु ने देवमाता अदिति के गर्भ से वामन रूप में अवतार लेकर बलि के अभिमान को समाप्त किया और देवताओं को उनका लोक वापस दिलाया। इस दौरान राजपाल शर्मा, भारत शर्मा, हरिओम वैष्णव, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सैनी नगर में अनिल अग्रवाल का स्वागत, बूथ मजबूत करने पर जोर



सैनी नगर में सपा नेता अनिल अग्रवाल का स्वागत करते सैनी समाज के लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** समाजवादी पार्टी के बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत मथुरा-वृंदावन विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान जारी है। इसी क्रम में सैनी नगर में पहुंचे सपा नेता अनिल अग्रवाल का स्थानीय लोगों ने साफा बांधकर और पटका पहनाकर स्वागत किया। रामदयाल सैनी, श्यामलाल, ओमप्रकाश सैनी और खेमचंद सैनी समेत स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान अनिल अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बूथ को संगठनात्मक रूप से मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सैनी नगर के लोगों से मिले सम्मान और संवाद से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लोगों से चर्चा की। इस दौरान महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, सड़क, पानी और बिजली जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। अग्रवाल ने कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क बनाए रखते हुए जनसंपर्क अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान सपा नेता रमेश सैनी, ऋषि अग्निहोत्री, कपिल सैनी, पप्पू सैनी, ओमप्रकाश सैनी, निरंजन सैनी और लवकुश चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# सुपर रेड ने पलटा खेल, सौंद बना कबड्डी चैंपियन

**यूनिक समय, कोसीकलां।** गांव कोटवन में चल रहे प्राचीन कनुआ बाबा मेले में मंगलवार रात को कबड्डी का ऐसा महासंग्राम छिड़ा कि पूरा मैदान तालियों और हुंकारों से गूंज उठा। उत्तर भारत के धुरंधर खिलाड़ियों के बीच सांसें रोक देने वाले मुकाबले हुए। रेड पर रेड, कैच पर कैच... दर्शकों की आंखें पल भर के लिए भी मैदान से नहीं हटीं।



फाइनल का महामुकाबला सौंद और हरियाणा के जींद के बीच हुआ। जींद के स्टार रेडर ने शुरू में तेजी दिखाई, लेकिन सौंद के डिफेंडरों ने लोहे की दीवार बनकर हर दांव को फेल कर दिया। अंतिम मिनटों में सौंद के रेडर ने सुपर रेड मारकर पूरा मैच पलट दिया और सौंद की टीम ने एक लाख 11 हजार रुपये का खिताब अपने नाम कर लिया। हरियाणा की मजबूत टीम जींद उपविजेता रही, उसे 71 हजार रुपये का पुरस्कार मिला। वहीं अपनी फुर्ती और ताकत से दिल जीतने वाली 'सौंद और मन्ना की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं, जिन्हें 51-51 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य आयोजक-जिला पंचायत सदस्य चौधरी जिले सिंह प्रधान ने कहा कि कबड्डी कोई आम खेल नहीं, यह हमारी माटी की ताकत, किसान के बेटों का जुनून है। यह खेल युवाओं को नशे से दूर रखकर अखाड़े से जोड़ता है।

## रेडरों की हुंकार और डिफेंडरों के दांव से गूंजा कनुआ बाबा मेला

कनुआ बाबा के इस मंच से ही गांव के लाल निकलकर नेशनल तक जाएंगे। ब्रजभूषण मंदिर के महंत माधवदास मौनी बाबा ने कहा कि कनुआ बाबा का यह मेला आस्था के साथ-साथ युवाओं में जोश भरने का काम करता है। मैदान के चारों ओर हजारों की भीड़, ढोल-नगाड़ों के बीच खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख शोभाराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**NAME CHANGE**

I, Vijay Kumar Mittal S/o Shyam Sundar Mittal R/o 6 Anand Dham Colony, Near Income Tax Office, District Mathura U.P. Have Change My Grand Daughter's Name From Anahat To Vihana D/o Arpit Mittal, In Future My Grand Daughter Should be Known as Vihana.

## सुविचार

जो दूसरों के जीवन में खुशियां बांटता है उसका जीवन स्वयं सुंदर बनता है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 10:51-11:18 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | घनिष्ठा | 09:09-10:35 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:16 AM | चन्द्रोदय | 04:20 PM |
| सूर्यास्त | | 6:22 PM | चंद्रास्त | 03:39 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | मकर राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रह्म् मुहूर्त | 04:20-05:18 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 12:19 PM: 01:49 PM | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# मृत्यु की तारीख का पता नहीं,पंचांग से जानें श्राद्ध तिथि



**यूनिक समय, मथुरा।** पितृ पक्ष 27 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान पितरों की आत्मशांति के लिए श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान और दान करने की परंपरा है। सामान्य रूप से परिवार में जिस व्यक्ति की मृत्यु जिस हिंदू तिथि को हुई थी, पितृ पक्ष में उसी तिथि पर उसका श्राद्ध किया जाता है। लेकिन कई बार परिवार को मृत्यु की अंग्रेजी तारीख तो मालूम होती है, जबकि उस दिन कौन सी हिंदू तिथि थी, इसकी जानकारी नहीं होती। ऐसे में पंचांग के जरिए श्राद्ध की तिथि आसानी से पता की जा सकती है।

### मृत्यु तारीख मालूम हो तो पंचांग से तिथि निकालें

### तारीख नहीं पता तो अमावस्या पर करें श्राद्ध

मृत्यु की तारीख ज्ञात होने पर उस वर्ष का पुराना पंचांग या ऑनलाइन पंचांग खोलें।

इसमें संबंधित वर्ष, महीना और तारीख तलाशें। उस दिन के सामने दी गई हिंदू तिथि को नोट कर लें। उदाहरण के तौर पर यदि किसी व्यक्ति का निधन 1 अगस्त 1998 को हुआ था तो पंचांग में इसी तारीख को देखने पर उस दिन की तिथि, पक्ष और माह की जानकारी मिल जाएगी। पितृ पक्ष में इसी तिथि के आने पर संबंधित पितर का श्राद्ध किया जाता है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

पंचांग की तिथि अंग्रेजी कैलेंडर की तरह रात 12 बजे नहीं बदलती। हिंदू पंचांग में तिथि की अवधि कम या अधिक हो सकती है। इसलिए श्राद्ध तिथि निर्धारित करने में सूर्योदय का विशेष महत्व है। यदि किसी तिथि का समापन सुबह हो रहा हो, लेकिन सूर्योदय के समय वही तिथि चल रही थी, तो उस दिन के लिए वही तिथि मान्य मानी जाती है। इसलिए पुराने पंचांग में तिथि के साथ उसका समाप्ति समय भी जरूर देखें।

यदि परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु की अंग्रेजी तारीख भी ज्ञात नहीं है तो ऐसी स्थिति में भी श्राद्ध का विधान है। पितृ पक्ष की सर्वपितृ अमावस्या को ऐसे पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान किया जा सकता है। इसे आश्विन अमावस्या भी कहा जाता है।

इस तरह मृत्यु की तारीख से हिंदू तिथि पता कर संबंधित दिन श्राद्ध किया जा सकता है। वहीं मृत्यु तिथि अज्ञात होने पर सर्वपितृ अमावस्या का सहारा लिया जा सकता है।

### जानिए कैसे निकालें श्राद्ध तिथि

- मृत्यु की अंग्रेजी तारीख पता करें।
- उसी वर्ष का पुराना या ऑनलाइन पंचांग खोलें।
- मृत्यु की तारीख और महीना खोजें।
- उस दिन की हिंदू तिथि देखें।
- पितृ पक्ष में उसी तिथि पर श्राद्ध करें।
- मृत्यु तारीख अज्ञात हो तो सर्वपितृ अमावस्या का दिन चुनें।


# भाग्यशाली माने जाते हैं इन चार नक्षत्रों में जन्मे बच्चे

### चार नक्षत्रों में जन्मे बच्चों को लेकर ज्योतिषीय मान्यता

### अश्विनी से मघा तक अलग-अलग खूबियों का वर्णन

### बुद्धिमत्ता, साहस और नेतृत्व से जोड़ती हैं मान्यताएं

**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिष शास्त्र में 27 नक्षत्रों का उल्लेख मिलता है। इनमें अश्विनी, भरणी, पुष्य और मघा नक्षत्र को विशेष शुभ माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इन नक्षत्रों में जन्म लेने वाले बच्चों के व्यक्तित्व में कुछ खास गुण देखे जा सकते हैं। हालांकि, ये बातें पारंपरिक ज्योतिषीय मान्यताओं पर आधारित हैं, इन्हें वैज्ञानिक भविष्यवाणी नहीं माना जाता।



अश्विनी नक्षत्र में जन्मे लोगों को बुद्धिमान, मेहनती और स्वतंत्र विचारों वाला बताया जाता है। मान्यता है कि ये चुनौतियों का सामना करने से पीछे नहीं हटते और नई गतिविधियों में रुचि रखते हैं।

भरणी नक्षत्र को साहस और दृढ़ निश्चय से जोड़ा जाता है। इस नक्षत्र में जन्मे लोगों के बारे में कहा जाता है कि वे मेहनत के बल पर लक्ष्य हासिल करने की कोशिश करते हैं और उनके व्यक्तित्व में आकर्षण होता है।

पुष्य नक्षत्र को ज्योतिष में शुभ नक्षत्रों में गिना जाता है। इससे जुड़े जातकों को तेज बुद्धि, दयालु स्वभाव और सकारात्मक सोच वाला बताया जाता है। इनमें दूसरों को प्रेरित करने की क्षमता होने की मान्यता है।

मघा नक्षत्र को सम्मान, परंपरा और नेतृत्व से जोड़ा जाता है। मान्यता है कि इस नक्षत्र के जातकों में नेतृत्व क्षमता होती है और वे अपने कार्यक्षेत्र में उंचा स्थान पाने की आकांक्षा रखते हैं।

# जेड प्लांट पीला पड़े तो इन बातों का रखें ध्यान

**यूनिक समय, मथुरा।** जेड प्लांट को वास्तु और फेंगशुई में समृद्धि व सकारात्मकता से जुड़ा पौधा माना जाता है। मान्यता है कि इसका हरा-भरा रहना शुभ होता है, जबकि पत्तियों का पीला पड़ना नकारात्मक ऊर्जा या आर्थिक परेशानियों का संकेत माना जाता है। हालांकि, पौधे के पीले होने का कारण अधिक पानी, कम रोशनी या देखभाल की कमी भी हो सकता है।

वास्तु मान्यताओं के अनुसार जेड प्लांट को पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में रखना शुभ माना जाता है। इसे तेज सीधी धूप से बचाकर हल्की रोशनी में रखने की सलाह दी जाती है। मिट्टी सूखने पर ही पानी दें और पूरी तरह खराब पत्तियों को हटा दें। पौधे के आसपास साफ-सफाई बनाए रखना भी जरूरी बताया गया है। ये उपाय पारंपरिक वास्तु मान्यताओं पर आधारित हैं, इनका आर्थिक स्थिति पर वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित प्रभाव नहीं है।

# कहीं आपका ऑफिस बैग तो नहीं बन रहा परेशानी

### ऑफिस बैग रखने को लेकर वास्तु की मान्यताएं

### फर्श पर बैग रखना वास्तु में माना गया अशुभ

### ऊंची और साफ जगह रखने की दी गई सलाह



**यूनिक समय, मथुरा।** ऑफिस बैग रोजमर्रा की जिंदगी का जरूरी हिस्सा है। इसमें लैपटॉप, दस्तावेज, डायरी और काम से जुड़ी अन्य वस्तुएं रखी जाती हैं। वास्तु शास्त्र की मान्यताओं में ऑफिस बैग को करियर और आर्थिक स्थिति से जोड़कर देखा जाता है। इसी वजह से बैग रखने के तरीके को लेकर कुछ नियम बताए गए हैं।

वास्तु मान्यता के अनुसार, ऑफिस बैग को सीधे फर्श पर रखने से बचना चाहिए। इसके बजाय इसे मेज, अलमारी, शेल्फ या किसी साफ और ऊंचे स्थान पर रखना उचित माना जाता है। कहा जाता है कि जमीन पर बैग रखने से सकारात्मक ऊर्जा प्रभावित हो सकती है और आर्थिक मामलों में बाधाएं आने की आशंका रहती है।

वास्तु के अनुसार काम से जुड़ी वस्तुओं को व्यवस्थित और सम्मानपूर्वक रखना चाहिए। बैग में अनावश्यक कागज, पुराने बिल या बेकार सामान जमा करने से भी बचने की सलाह दी जाती है। मान्यता है कि साफ-सुथरा बैग काम के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने में मदद करता है। हालांकि, बैग रखने से धन या करियर पर सीधा प्रभाव पड़ने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। ये बातें पारंपरिक वास्तु मान्यताओं पर आधारित हैं।

# जन्मतिथि बताएगी किस काम में चमकेगा करियर

**यूनिक समय, मथुरा।** करियर का चुनाव व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण निर्णय होता है। अंक ज्योतिष में जन्मतिथि के आधार पर निकाले गए मूलांक को व्यक्ति के स्वभाव, रुचि और काम करने की प्रवृत्ति से जोड़कर देखा जाता है। इसके आधार पर अलग-अलग मूलांक वाले लोगों के लिए कुछ विशेष कार्यक्षेत्र अनुकूल बताए गए हैं। हालांकि, करियर का वास्तविक चुनाव शिक्षा, कौशल, रुचि, अनुभव और अवसरों को ध्यान में रखकर करना अधिक उपयोगी माना जाता है।

मूलांक 1 वाले लोगों को नेतृत्व, प्रबंधन, प्रशासन और कारोबार जैसे क्षेत्रों से जोड़ा जाता है। मूलांक 2 के लिए परामर्श, मानव संसाधन, कूटनीति, डिजाइन, आतिथ्य और सहयोगी भूमिकाओं का उल्लेख किया जाता है।




मूलांक 3 को शिक्षण, लेखन, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और सलाहकार जैसे क्षेत्रों से जोड़ा जाता है।

मूलांक 4 वालों के लिए तकनीक, योजना, विश्लेषण और नए विचारों से जुड़े क्षेत्र बताए जाते हैं। वहीं मूलांक 5 को व्यापार, विपणन, बिक्री, मीडिया, संचार और डिजिटल क्षेत्र के अनुकूल माना गया है। मूलांक 6 के लिए सौंदर्य, डिजाइन, विलासिता, आतिथ्य, मनोरंजन और जनसंपर्क जैसे क्षेत्रों का उल्लेख है।

मूलांक 7 को शोध, तकनीक, मनोविज्ञान,विश्लेषण और आध्यात्मिक गतिविधियों से जोड़ा जाता है। मूलांक 8 के लिए वित्त, कानून, संपत्ति, प्रशासन और बड़े संगठनों में जिम्मेदारी वाले पदों को उपयुक्त बताया गया है।

### मूलांक के आधार पर अलग-अलग कार्यक्षेत्र बताए गए

### नेतृत्व से रचनात्मकता तक करियर विकल्पों के संकेत

वहीं मूलांक 9 वालों के लिए रक्षा, खेल, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, नेतृत्व और कारोबार जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों का उल्लेख मिलता है।

अंक ज्योतिष की ये धारणाएं पारंपरिक मान्यताओं पर आधारित हैं। इन्हें करियर चयन का वैज्ञानिक प्रमाण या निश्चित भविष्यवाणी नहीं माना जाना चाहिए।

# नमक गिरना क्यों माना जाता है अशुभ ?

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय घरों में नमक को केवल भोजन का हिस्सा ही नहीं, बल्कि कई पारंपरिक मान्यताओं से जुड़ी वस्तु भी माना जाता है। इसी वजह से नमक के गिरने को लेकर पीढ़ियों से कई धारणाएं चली आ रही हैं। वास्तु और ज्योतिष में नमक का संबंध चंद्रमा और शुक्र से जोड़ा जाता है। मान्यता है कि बार-बार नमक गिरने से घर में तनाव, मतभेद या आर्थिक परेशानियां बढ़ सकती हैं। वास्तु परंपराओं में नमक को नकारात्मकता दूर करने वाली वस्तु भी माना जाता है। कुछ लोग घर में कांच की कटोरी में नमक रखने या सफाई के पानी में थोड़ा नमक मिलाने जैसे उपाय करते हैं। अगर गलती से नमक गिर जाए तो इसे किसी बड़े संकट का निश्चित संकेत मानकर डरने की जरूरत नहीं है। गिरे हुए नमक को पैर से रौंदने के बजाय सावधानी से समेटकर साफ कर देना चाहिए। ये धारणाएं पारंपरिक मान्यताओं पर आधारित हैं।

## सम्पादकीय

# यूपी में थाली सुरक्षित या जांच सिर्फ कागजों तक

उत्तर प्रदेश में खाने–पीने की चीजों की कमी नहीं है, लेकिन सवाल यह है कि थाली में जो पहुंच रहा है, वह कितना सुरक्षित है? शहरों से लेकर कस्बों और गांवों तक मिठाई, दूध, पनीर, खोया, मसाले, खाद्य तेल, नमकीन और दूसरे खाद्य पदार्थों का बड़ा कारोबार है। त्योहार आते ही इनकी बिक्री बढ़ती है और मिलावट की शिकायतें भी। ऐसे में खाद्य सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी केवल नमूने भरने तक सीमित नहीं रह सकती। महाराष्ट्र में कुछ महीनों के भीतर हजारों जांच और सैकड़ों कार्रवाई ने यह सवाल जरूर खड़ा किया है कि उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था कितनी सक्रिय है। यहां भी समय–समय पर छापे पड़ते हैं, नमूने लिए जाते हैं और मिलावटखोरों पर कार्रवाई के दावे सामने आते हैं। मगर आम उपभोक्ता का सवाल सीधा है–जिन दुकानों से रोज सामान खरीदा जा रहा है, वहां नियमित जांच कितनी होती है?


पवन गौतम
संपादक

मिलावट का खेल भी बड़ा चतुर है। दूध में पानी से लेकर पनीर में मिलावटी सामग्री, मिठाइयों में घटिया खोया और खाद्य तेल में संदिग्ध पदार्थ तक, बाजार में मुनाफे का गणित कई बार सेहत पर भारी पड़ जाता है। ग्राहक बिल देकर सामान खरीदता है और साथ में यह भरोसा भी खरीदता है कि सरकारी तंत्र ने इसे सुरक्षित माना होगा। अगर यही भरोसा टूट जाए तो केवल ग्राहक नहीं, पूरी व्यवस्था कटघरे में खड़ी होती है।

सबसे बड़ा सवाल संसाधनों का है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में लाखों खाद्य प्रतिष्ठानों की निगरानी आसान काम नहीं। यदि अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या जरूरत के मुकाबले कम है तो जांच का दायरा सीमित रहेगा। फिर कार्रवाई अभियान बन जाएगी, व्यवस्था नहीं। यूपी में त्योहारों के दौरान अक्सर मिलावट विरोधी अभियान तेज होते हैं। मिठाई की दुकानों पर छापे, दूध और खोये के नमूने, खाद्य तेल की जांच–सब कुछ होता है। लेकिन त्योहार खत्म होते ही क्या मिलावट भी खत्म हो जाती है? अगर नहीं, तो फिर सालभर चलने वाली नियमित निगरानी क्यों नहीं दिखाई देती? खाद्य सुरक्षा का मतलब केवल मिलावट पकड़ना नहीं, बल्कि मिलावट होने से रोकना भी है। कारोबारियों को नियमों की जानकारी, स्वच्छता की अनिवार्यता और खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इसके साथ दोषी पाए जाने वालों पर ऐसी कार्रवाई जरूरी है जो दूसरों के लिए भी स्पष्ट संदेश बने। उत्तर प्रदेश में सबसे जरूरी बदलाव यह होना चाहिए कि खाद्य सुरक्षा को मौसमी अभियान की बजाय स्थायी प्रशासनिक प्राथमिकता बनाया जाए। नमूने कितने लिए गए, यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है, लेकिन कितने मामलों में दोष साबित हुआ और कितनों को सजा मिली–यह उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। सरकारं यदि हर जिले में पर्याप्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आधुनिक जांच प्रयोगशालाएं और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था मजबूत करे तो मिलावट के खिलाफ लड़ाई ज्यादा प्रभावी हो सकती है।

**संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।**

## नजरिया

# पेट्रोल पंप पर राहत, अर्थव्यवस्था में छिपी तेल की तपिश

बोध प्रकाश सगुणी

भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें लंबे समय से आम उपभोक्ता के लिए सबसे संवेदनशील मुद्दों में रही हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है, देश के पेट्रोल पंपों पर कीमतों का अपेक्षाकृत स्थिर रहना पहली नजर में राहत की खबर लग सकता है। लेकिन अर्थव्यवस्था में हर राहत की एक कीमत होती है। इस बार भी तेल की बढ़ती लागत का असर कहीं न कहीं दर्ज हो रहा है। सवाल केवल यह है कि यह बोझ आखिर कब तक और कौन उठाएगा?

तेल संकट का स्वरूप इस बार कुछ अलग है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के साथ–साथ रिफाइंड ईंधन की कीमतों पर भी दबाव बढ़ा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में व्यवधान ने तेल तथा डीजल की आपूर्ति को प्रभावित किया है। ऐसे में भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के सामने चुनौती केवल महंगा कच्चा तेल खरीदने की नहीं, बल्कि उसे देश तक सुरक्षित और नियमित रूप से पहुंचाने की भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था तेल पर काफी निर्भर है। सड़क परिवहन, खेती, निर्माण, उद्योग और बिजली उत्पादन से लेकर रोजमर्रा की आपूर्ति व्यवस्था तक डीजल की महत्वपूर्ण भूमिका है। ट्रक चलते हैं तो बाजार चलते हैं, ट्रैक्टर चलते हैं तो खेत चलते हैं और माल की आवाजाही होती है तो उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक पूरी आर्थिक श्रृंखला आगे बढ़ती है। इसलिए डीजल की कीमत में बढ़ोतरी का असर केवल पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहता। वह धीरे-धीरे हर वस्तु और सेवा की लागत में प्रवेश कर जाता है। सरकारी तेल कंपनियों ने फिलहाल उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय कीमतों का पूरा झटका नहीं दिया है। इसका अर्थ यह नहीं है कि लागत गायब हो गई। अंतर केवल इतना है कि उसका भार किसी दूसरे हिस्से में स्थानांतरित हो गया है। तेल विपणन कंपनियों के मार्जिन पर दबाव पड़ता है, सरकारी राजस्व प्रभावित होता है, आयात बिल बढ़ता है और अंततः रुपए पर भी दबाव बनता है। यही वह अदृश्य तेल संकट है जो पेट्रोल पंप पर दिखाई नहीं देता। सरकारी तेल कंपनियों का एकीकृत कारोबार उन्हें कुछ समय तक इस झटके को सहने की क्षमता देता है। कच्चा तेल खरीदने से लेकर उसे परिष्कृत करने और पेट्रोल–डीजल बेचने तक की पूरी श्रृंखला में होने वाला लाभ कुछ नुकसान की भरपाई कर सकता है। लेकिन इसकी भी सीमा है। यदि अंतरराष्ट्रीय कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं और रिफाइनिंग तथा परिवहन की लागत लगातार बढ़ती रहती है तो कंपनियों की बैलेंस शीट पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है।

2022 में भी भारत ने ईंधन की कीमतों को नियंत्रित रखने की नीति अपनाई थी। तब अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में उछाल मुख्य चुनौती थी। बाद में कीमतें नीचे आईं और तेल कंपनियों को राहत मिली। इस बार परिस्थितियां अधिक जटिल हैं। कच्चे तेल के अलावा रिफाइंड ईंधन की उपलब्धता, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और वैश्विक रिफाइनिंग क्षमता भी चिंता का विषय बन गई है। इसलिए केवल यह उम्मीद करना पर्याप्त नहीं होगा कि कुछ समय बाद कच्चे तेल की कीमतें अपने आप नीचे आ जाएंगी। इस संकट का दूसरा पहलू निजी तेल कंपनियों का अनुभव बताता है। जिन कंपनियों ने बाजार के अनुरूप कीमतें बढ़ाईं, उनकी बिक्री पर असर पड़ा और उपभोक्ताओं का एक हिस्सा सरकारी कंपनियों के पंपों की ओर चला गया। इससे बाजार में एक असमान स्थिति पैदा होती है। एक ओर निजी कंपनियां बढ़ी हुई लागत को कीमत में शामिल करती हैं, दूसरी ओर सरकारी कंपनियां उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कीमतों को नियंत्रित रखती हैं। परिणामस्वरूप लागत का अधिक भार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों पर केंद्रित हो सकता है। सरकार ने भी राहत देने के लिए उत्पाद शुल्क में बदलाव जैसे कदम उठाए हैं। लेकिन करों में कटौती का मतलब



सरकार के राजस्व में कमी भी है। राजकोष की अपनी सीमाएं हैं। एक तरफ सरकार को बुनियादी ढांचे, कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के लिए धन चाहिए, दूसरी तरफ महंगे तेल से उपभोक्ताओं को राहत देने की जरूरत है। दोनों लक्ष्यों के बीच संतुलन आसान नहीं है। सबसे बड़ा खतरा महंगाई का है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रहने के बावजूद परिवहन और थोक लागत में बढ़ोतरी होने लगे तो यह संकेत है कि तेल का दबाव अर्थव्यवस्था में दूसरे रास्तों से प्रवेश कर रहा है। ट्रांसपोर्टर अधिक खर्च कर रहा है तो उसका असर माल ढुलाई पर आएगा। माल ढुलाई महंगी होगी तो व्यापारी की लागत बढ़ेगी। व्यापारी कीमत बढ़ाएगा तो उपभोक्ता की जेब पर असर पड़ेगा। यही तेल संकट का वह रास्ता है जो पेट्रोल पंप से निकलकर रसोई और बाजार तक पहुंचता है। आयात बिल बढ़ना भी कम गंभीर समस्या नहीं है। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय कीमत बढ़ने का मतलब है कि समान मात्रा में तेल खरीदने के लिए ज्यादा डॉलर खर्च करने पड़ेंगे। इससे चालू खाते पर दबाव बढ़ता है। डॉलर की मांग बढ़ने और रुपए के कमजोर होने की स्थिति में आयातित तेल और महंगा हो सकता है। यानी तेल महंगा होने से रुपया कमजोर और रुपए के कमजोर होने से तेल की लागत और बढ़ने का चक्र बन सकता है। अब निगाह भारतीय रिजर्व बैंक पर भी है। केंद्रीय बैंक के सामने मुश्किल यह है कि तेल से पैदा हुई महंगाई को ब्याज दरों से सीधे नियंत्रित नहीं किया जा सकता। ब्याज दर बढ़ाने से समुद्री मार्ग नहीं खुलेंगे, रिफाइनरी की क्षमता नहीं बढ़ेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत कम नहीं होगी। लेकिन यदि तेल महंगा होने का असर व्यापक महंगाई में बदलने लगे तो मौद्रिक नीति को उसका संज्ञान लेना ही पड़ेगा।

इसलिए आगे की राह बेहद संतुलित नीति की मांग करती है। सरकार को उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ तेल कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर भी नजर रखनी होगी। राजस्व में कटौती की अपनी सीमा है और कंपनियों को लगातार घाटे में बेचने की भी। दूसरी ओर, अचानक बड़ी कीमत वृद्धि महंगाई को झटका दे सकती है।

दीर्घकाल में समाधान केवल कीमत नियंत्रित रखने में नहीं है। ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता, घरेलू उत्पादन, रणनीतिक तेल भंडार, सार्वजनिक परिवहन का विस्तार और वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देना ही भारत को ऐसे बाहरी झटकों से बचा सकता है। फिलहाल पेट्रोल पंप पर कीमत देखकर उपभोक्ता राहत की सांस ले सकता है। लेकिन अर्थव्यवस्था की किताब में तेल का हिसाब कहीं और लिखा जा रहा है। कंपनियों का मार्जिन, सरकारी राजस्व, आयात बिल, परिवहन लागत और रुपए की कीमत–इन सभी पर इसका असर पड़ रहा है। इसलिए असली सवाल यह नहीं कि पेट्रोल पंप पर कीमत कब बढ़ेगी। असली सवाल यह है कि तेल की बढ़ती लागत का यह अदृश्य बोझ व्यवस्था कितने समय तक बिना बड़े आर्थिक झटके के उठा पाएगी।

## विचार विंडो


# वस्तुओं से आगे उनके आंतरिक मूल्य पहचानना जरूरी

राजेश कुमार अग्रवाल

आज का समय बाजार, उपभोग और सुविधाओं के तेजी से विस्तार का समय है। हमारी जरूरतों का बड़ा हिस्सा अब बाजार तय करता है। किसी वस्तु की उपयोगिता, उसकी कीमत, उसकी लोकप्रियता और उसकी मांग–इन सबका मूल्यांकन प्रायः उसके बाहरी स्वरूप से किया जाता है। महंगी वस्तु को बेहतर और सस्ती वस्तु को कमतर मान लेने की प्रवृत्ति भी इसी सोच का परिणाम है। लेकिन जीवन का मूल्य केवल वस्तुओं की कीमत से तय नहीं होता। कुछ चीजों का महत्व उनकी बाजार कीमत से कहीं अधिक होता है। उनके भीतर एक ऐसा मूल्य छिपा होता है, जिसे भारतीय परंपरा ने सदियों से पहचानने और सम्मान देने की कोशिश की है।

आंतरिक मूल्य का अर्थ उस महत्व से है, जो किसी वस्तु, संबंध या परंपरा को उसके बाहरी रूप से आगे ले जाता है। एक पत्थर बाजार में सामान्य वस्तु हो सकता है, लेकिन वही पत्थर जब श्रद्धा और आस्था से जुड़कर मूर्ति का रूप लेता है तो उसका अर्थ बदल जाता है। यहां परिवर्तन केवल पत्थर के आकार में नहीं होता, बल्कि उसके प्रति मनुष्य की दृष्टि में होता है। इसी दृष्टि के कारण वह वस्तु भावनात्मक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व प्राप्त करती है।

भारतीय संस्कृति की विशेषता यही रही है कि उसने सामान्य जीवन की वस्तुओं में भी गहरे अर्थ खोजे। अन्न इसका बड़ा उदाहरण है। अन्न केवल पेट भरने की वस्तु नहीं रहा। उसे अन्नदाता, अन्नपूर्णा, भोग और प्रसाद जैसे



भावों से जोड़ा गया। भोजन ग्रहण करने से पहले उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा ने यह संदेश दिया कि जिस वस्तु से जीवन चलता है, उसका सम्मान भी जीवन का हिस्सा होना चाहिए। आज जब भोजन की बर्बादी सामान्य होती जा रही है, तब अन्न के आंतरिक मूल्य को समझना और भी जरूरी हो जाता है।

इसी तरह विवाह को भारतीय परंपरा ने केवल सामाजिक आयोजन या दो व्यक्तियों के साथ रहने की व्यवस्था नहीं माना।

इसे संस्कार का दर्जा दिया गया। इसके पीछे यह विचार था कि विवाह केवल अधिकारों और सुविधाओं का संबंध नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों, विश्वास, त्याग और अपनत्व का रिश्ता है। समय के साथ विवाह समारोहों का स्वरूप बदला है। खर्च बढ़ा है, प्रदर्शन बढ़ा है और आयोजन अधिक भव्य हुए हैं। लेकिन यदि विवाह से अपनापन, विश्वास और पारिवारिक जिम्मेदारी का भाव कम हो जाए तो बाहरी भव्यता उसके मूल अर्थ की भरपाई नहीं कर सकती।

आज सबसे बड़ी चुनौती यही है कि हमारी नई पीढ़ी चीजों को मुख्यतः उनकी कीमत से पहचान रही है। मोबाइल फोन कितना महंगा है, कपड़े किस ब्रांड के हैं, घर कितना बड़ा है, वाहन कितना महंगा है और जीवनशैली कितनी आधुनिक दिखाई देती है–इन सवालों ने जीवन की गुणवत्ता के दूसरे मानकों को पीछे धकेल दिया है। यह स्वाभाविक है कि युवा बेहतर सुविधाएं और आधुनिक साधन चाहते हैं। समस्या सुविधा या आधुनिकता में नहीं, बल्कि तब पैदा होती है जब वस्तु का मूल्य उसके बाजार मूल्य तक सीमित हो जाता है।

परिवार, प्रकृति, श्रम, समय और संबंधों के भी आंतरिक मूल्य होते हैं। किसी बुजुर्ग के साथ बिताया गया एक घंटा बाजार में खरीदा नहीं जा सकता। माता–पिता का स्नेह किसी मूल्य सूची में दर्ज नहीं होता। किसान के श्रम का सम्मान केवल अनाज की कीमत तय करने से नहीं हो सकता। नदी केवल पानी का स्त्रोत नहीं है और पेड़ केवल लकड़ी नहीं है। इनके साथ हमारा अस्तित्व जुड़ा है। यदि हम हर चीज को केवल उपयोग और लाभ के नजरिये से देखने लगेंगे तो धीरे–धीरे जीवन से संवेदना का हिस्सा कम होता जाएगा।

इसलिए शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार योग्य बनाना नहीं होना चाहिए। बच्चों और युवाओं को यह भी सिखाना होगा कि वस्तुओं और संबंधों का मूल्य केवल उनकी कीमत से नहीं तय होता। उन्हें श्रम का सम्मान, अन्न के प्रति कृतज्ञता, प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संबंधों के प्रति संवेदनशीलता समझानी होगी। यह काम केवल विद्यालयों का नहीं है। परिवार और समाज की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

नई पीढ़ी को उपदेश देने के बजाय उदाहरण प्रस्तुत करने की जरूरत है। यदि घर में भोजन की बर्बादी रोकेंगे, बुजुर्गों का सम्मान करेंगे, श्रमिकों के श्रम को महत्व देंगे और प्रकृति के साथ जिम्मेदार व्यवहार करेंगे, तो बच्चे स्वयं इन मूल्यों को सीखेंगे। संस्कार भाषणों से कम और व्यवहार से अधिक बनते हैं।

बाजार हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है और आधुनिक सुविधाओं से दूरी बनाना समाधान नहीं है। जरूरत इस बात की है कि बाजार हमारे जीवन को नियंत्रित न करे। वस्तुओं का उपयोग करें, लेकिन वस्तुओं को जीवन का अंतिम लक्ष्य न बनने दें। कीमत को समझें, लेकिन मूल्य को न भूलें।

आज की पीढ़ी को सबसे बड़ा उपहार यही दिया जा सकता है कि वह चीजों के पीछे छिपे अर्थ को पहचानना सीखे। पत्थर में मूर्ति, भोजन में अन्न का सम्मान, विवाह में संस्कार और रिश्तों में अपनापन देखना सीखा जाए। जब मनुष्य वस्तुओं की कीमत के साथ उनके आंतरिक मूल्य को भी समझने लगेगा, तभी विकास के साथ संवेदना और आधुनिकता के साथ संस्कृति का संतुलन कायम रह सकेगा।

# आईपीएल नीलामी का ऐलान दिसंबर में गोवा में होगा आयोजन

## बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने दी जानकारी

## पिछले तीन साल विदेश में हुआ था आयोजन



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र की तैयारियों के बीच नीलामी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि इस साल आईपीएल नीलामी का आयोजन दिसंबर में गोवा में किया जाएगा। इसके साथ ही नीलामी के स्थान को लेकर चल रही चर्चाओं पर भी विराम लग गया है। पिछले तीन वर्षों से आईपीएल की नीलामी भारत के बाहर आयोजित की जा रही थी, लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने देश में ही इसका आयोजन कराने का फैसला किया है। देवजीत सैकिया ने बताया कि पिछले तीन आईपीएल नीलामी कार्यक्रम सऊदी अरब, दुबई और अबू धाबी में आयोजित किए गए थे। अब दिसंबर में गोवा को नीलामी की मेजबानी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन आयोजन विदेश में होने के बाद इस बार नीलामी भारत में कराने का निर्णय लिया गया है। आईपीएल नीलामी के अलावा देवजीत सैकिया ने भारत ए महिला और ऑस्ट्रेलिया-ए महिला टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धर्मशाला में खराब मौसम और लगातार हो रही बारिश के कारण आगामी टी20 मुकाबलों को मोहाली स्थानांतरित कर दिया गया है। सैकिया के मुताबिक, धर्मशाला में मौजूदा मौसम क्रिकेट गतिविधियों के लिए अनुकूल नहीं है और लगातार बारिश के कारण मैचों के आयोजन में परेशानी की आशंका थी। इसी वजह से मुकाबलों को मोहाली ले जाने का फैसला किया गया, ताकि मौसम के कारण क्रिकेट गतिविधियां प्रभावित न हों। इसके अलावा सैकिया ने भारत और जापान के बीच हाल ही में खेले गए ऐतिहासिक टी20 मुकाबले को दोनों देशों के क्रिकेट संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह मुकाबला केवल एक क्रिकेट मैच नहीं था, बल्कि भारत और जापान के बीच क्रिकेट में दोस्ती के नए दौर की शुरुआत भी है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने थाईलैंड को 20-1 से हराया

## दीपिका ने 9 गोल दागे भारत की लगातार तीसरी जीत, शुक्रवार को जापान से मुकाबला



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को 20-1 से हरा दिया। गिफू प्रीफेक्चरल ग्रीन स्टेडियम में खेले गए पूल-बी के मुकाबले में भारत की ओर से दीपिका ने अकेले 9 गोल किए। उनके सभी गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए आए। नवनीत कौर ने 4 और रुतुजा पिसल ने 3 गोल दागे, जबकि नेहा, लालरेमसियामी, साक्षी राणा और कप्तान सलीमा टेटे ने भी एक-एक गोल किया। थाईलैंड की ओर से मैच के चौथे क्वार्टर के आखिरी समय में सुपांसा सामांसो ने पेनल्टी कॉर्नर से एकमात्र गोल किया। यह भारत की टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। इससे पहले टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 और इंडोनेशिया को 17-1 से हराया था। लगातार तीन जीत के साथ भारतीय टीम पूल-बी की अंक तालिका में शीर्ष पर है। अब भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को जापान से होगा।

भारतीय टीम की नजर इस बार स्वर्ण पदक पर है। भारत ने 1982 में गोल्ड जीता था, जबकि 1998 और 2018 में सिल्वर तथा 2006, 2014 और 2023 में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है।

# नेशनल अवॉर्ड लेकर लालबागचा राजा पहुंचे कार्तिक आर्यन

## 'चंदू चैंपियन' के लिए मिला सम्मान बप्पा के चरणों में रखा परिवार के लिए बताया भावुक पल



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलने के बाद का पल बेहद खास रहा। 'चंदू चैंपियन' में शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का नेशनल अवॉर्ड हासिल करने के बाद कार्तिक सीधे मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। वह अपने साथ राष्ट्रीय पुरस्कार भी लेकर गए और बप्पा के चरणों में उसे रखकर आशीर्वाद लिया।

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कार्तिक नीले कुर्ते और सफेद पायजामे में नजर आए। उन्होंने हाथ जोड़कर प्रार्थना की और सिर झुकाकर गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। कार्तिक ने बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना उनके और पूरे परिवार के लिए बेहद खुशी और भावुकता का पल है। यह सम्मान उन्हें 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए मिला है, जिसमें उन्होंने पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाया था। पुरस्कार मिलने के बाद बप्पा के दरबार में पहुंचने का कार्तिक का अंदाज सोशल मीडिया पर चर्चा में है।

# मलयालम अभिनेत्री सावित्री श्रीधरन का 85 वर्ष की उम्र में निधन

## 85 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

## 16 वर्ष की उम्र से रंगमंच पर शुरू किया था सफर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मलयालम सिनेमा और रंगमंच की दिग्गज अभिनेत्री सावित्री श्रीधरन का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने बुधवार को कोझिकोड स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

बताया गया कि वह पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उनके निधन की खबर से मलयालम फिल्म और थिएटर जगत में शोक की लहर है। सावित्री को 2018 में आई फिल्म 'सुडानी फ्रॉम नाइजीरिया' में जमीला के किरदार के लिए खास पहचान मिली थी। इस भूमिका के लिए उन्हें 2019 में केरल राज्य फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ चरित्र अभिनेत्री का सम्मान मिला। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में भी उनके अभिनय को विशेष उल्लेख से सम्मानित किया गया था। सावित्री ने महज 16 वर्ष की उम्र में रंगमंच से अभिनय की शुरुआत की और करीब दो दशक तक शौकिया थिएटर से जुड़ी रहीं। बाद में उन्होंने पेशेवर रंगमंच में काम किया।

# एशियन गेम्स में 28 साल बाद भारत को वेटलिफ्टिंग में मिला मेडल

## मीराबाई चानू ने 49 किग्रा वर्ग में जीता सिल्वर, 198 किग्रा वजन उठाकर रचा इतिहास



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में भारत को वेटलिफ्टिंग में 28 साल बाद मेडल मिला है। मीराबाई चानू ने बुधवार को महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में 198 किग्रा वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने स्नैच में 87 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 111 किग्रा का वजन उठाया। 32 वर्षीय मीराबाई का यह एशियन गेम्स में पहला पदक है। इससे पहले कर्णम मल्लेश्वरी ने 1998 के एशियाई खेलों में सिल्वर मेडल जीता था। मीराबाई ओलिंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी पदक जीत चुकी हैं।

एशियन गेम्स के चौथे दिन यह भारत का चौथा मेडल रहा। शूटिंग के स्कीट टीम इवेंट में भारत ने पुरुष और महिला वर्ग में ब्रॉन्ज जीता, जबकि सॉफ्ट टेनिस में जय मीणा ने भी कांस्य पदक दिलाया। वहीं, मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पांचवें स्थान पर रहीं।

# ईशान के करीब पहुंचे अभिषेक, ब्रूक-बटलर की लंबी छलांग

## ईशान किशन शीर्ष पर कायम, अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर, तिलक वर्मा को एक स्थान का नुकसान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा कायम है। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन 904 रेटिंग अंकों के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 893 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। अभिषेक अब ईशान के बेहद करीब पहुंच गए हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच सिर्फ 11 रेटिंग अंकों का अंतर रह गया है। रैंकिंग में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 848 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने शानदार बढ़त हासिल करते हुए पांच पायदान की छलांग लगाई है और 793 रेटिंग अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के जॉस बटलर को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। बटलर दो स्थान ऊपर चढ़कर 789 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

भारतीय बल्लेबाजों में तिलक वर्मा को हालांकि नुकसान हुआ है। तिलक एक स्थान नीचे खिसककर 726 रेटिंग अंकों के साथ नौवें पायदान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श 706 रेटिंग अंकों के साथ दसवें स्थान पर हैं। इस तरह मौजूदा शीर्ष-10 बल्लेबाजों की सूची में भारत के तीन खिलाड़ी शामिल हैं। ईशान किशन पहले, अभिषेक शर्मा दूसरे और तिलक वर्मा नौवें स्थान पर हैं। भारतीय टीम को भी ताजा टी20 रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। जापान के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद भारत ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए टीम रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है।

इससे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय टीम की स्थिति और मजबूत हुई है। बल्लेबाजों की रैंकिंग में ईशान किशन का शीर्ष स्थान बरकरार रहना भारत के लिए अहम है, जबकि अभिषेक शर्मा का लगातार शीर्ष स्तर पर बने रहना भी टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। अभिषेक और ईशान के बीच अब केवल 11 अंकों का अंतर है, इसलिए दोनों के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं, लेकिन उनके और अभिषेक के बीच भी 45 अंकों का अंतर है। दूसरी ओर, हैरी ब्रूक और जॉस बटलर की लंबी छलांग ने शीर्ष पांच में इंग्लैंड की मौजूदगी मजबूत की है। तिलक वर्मा के एक स्थान नीचे जाने के बावजूद उनका शीर्ष-10 में बने रहना भारत के लिए महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर ताजा रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों ने अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखी है और टीम रैंकिंग में भी भारत ने पहला स्थान हासिल कर लिया है। आने वाले टी20 मुकाबलों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग में बदलाव हो सकता है।

# सुनीता आहूजा के बयान से फिर चर्चा में गोविंदा

## कोमल रानी के साथ नजर आए गोविंदा

## सुनीता ने कहा इंसानों से बेहतर हैं जानवर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गोविंदा और सुनीता आहूजा एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में गणपति उत्सव के दौरान गोविंदा को लालबागचा राजा के दर्शन करते हुए कोमल रानी स्वर्णकार के साथ देखा गया था। इसके बाद सुनीता आहूजा का एक बयान सामने आया, जिसे सोशल मीडिया पर गोविंदा से जोड़कर देखा जा रहा है। मुंबई हवाईअड्डे पर बातचीत के दौरान सुनीता अपने पालतू कुत्ते विंटर के बारे में बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इंसानों से मिलने वाले रिश्तों में धोखा मिल सकता है, जबकि जानवर बिना किसी स्वार्थ के प्यार करते हैं। हालांकि, सुनीता ने अपने बयान में सीधे तौर पर गोविंदा का नाम नहीं लिया और यह भी स्पष्ट नहीं किया कि उनका इशारा किसी खास व्यक्ति की ओर था या नहीं। इसी वजह से उनके बयान को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इससे पहले गोविंदा और सुनीता को अलग-अलग समय पर लालबागचा राजा के दर्शन करते हुए देखा गया था।

# कासगंज में लापता युवती का शव ट्यूबवेल की छत पर मिला

## 18 वर्षीय युवती की गला रेतकर हत्या

## पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य



**यूनिक समय, कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में बुधवार सुबह एक 18 वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। युवती मंगलवार शाम से लापता थी और परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे। बुधवार सुबह गांव के पास एक बंद पड़े ट्यूबवेल की छत पर उसका शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, युवती का गला कटा हुआ था और शव नग्न अवस्था में मिला। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले युवती के साथ दुष्कर्म किया गया हो सकता है। हालांकि, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।
मामला कासगंज सदर कोतवाली क्षेत्र के अशोक नगर स्थित किलोनी गांव के पास का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, युवती मंगलवार शाम अचानक घर से लापता हो गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो गए। उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन देर रात तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी। रातभर तलाश के बाद भी युवती का पता नहीं चला।
बुधवार सुबह गांव के पास बंद पड़े ट्यूबवेल की छत पर कुछ लोगों की नजर शव पर पड़ी। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए, कासगंज के पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। इसके अलावा खोजी कुत्तों की मदद से भी आसपास के क्षेत्र में सुराग तलाशे गए। पुलिस ने घटनास्थल से मिले संभावित साक्ष्यों को सुरक्षित करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि 18 वर्षीय युवती की हत्या की घटना बेहद गंभीर है। मामले की जांच के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में तीन आरोपियों की जमानत खारिज

## अनुकल्प, लवकुश और करुणेश अब हाई कोर्ट में दाखिल करेंगे जमानत याचिका



**यूनिक समय, अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में आरोपी अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे को कोर्ट से राहत नहीं मिली। 22 सितंबर को हुई सुनवाई में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने तीनों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं।
आरोपियों के वकील कुल शेखर सिंह ने बताया कि अब तीनों की ओर से हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की जाएगी। इससे पहले 21 सितंबर को अविनाश शुक्ला, मनीष यादव और राम शंकर मिश्रा की जमानत याचिकाएं भी खारिज हो चुकी हैं। मामले में कुल आठ आरोपी बताए गए हैं। इनमें सुभाष चंद और टिंवू यादव की जमानत याचिकाओं पर 23 सितंबर को सुनवाई होनी है। राम मंदिर में चढ़ावे की रकम में गड़बड़ी और चोरी का मामला 2026 में सामने आया था। जांच के दौरान कई सेवादारों से रकम बरामद होने की बात सामने आई। मामले की एसआईटी जांच पूरी होने के बाद 25 सितंबर तक चार्जशीट दाखिल किए जाने की जानकारी सामने आई है।

# यूपी में कानून-व्यवस्था और विकास पर सीएम योगी का दावा

## 2017 से पहले के हालात से की तुलना सड़क सुरक्षा और किसान योजनाओं का जिक्र किया




**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था और विकास को लेकर 2017 से पहले और मौजूदा स्थिति की तुलना करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और सड़क व बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, 2017 से पहले प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अपराध और खराब सड़कों जैसी समस्याएं प्रमुख थीं। किसानों को गन्ने के भुगतान के लिए भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था। सरकार के अनुसार, 2017 के बाद कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ प्रदेश में करीब 14 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा गांवों, जिला मुख्यालयों और दूसरे राज्यों को जोड़ने के लिए फोरलेन सड़कों और एक्सप्रेसवे का नेटवर्क बढ़ाया गया है। सरकार का दावा है कि देश के कुल एक्सप्रेसवे का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा उत्तर प्रदेश में है। मुख्यमंत्री ने किसानों से जुड़े आंकड़े भी साझा किए। उनके अनुसार, प्रदेश में 122 चीनी मिलें संचालित हैं और इनमें से 100 से अधिक मिलें चार दिनों के भीतर किसानों को गन्ने का भुगतान कर रही हैं। सरकार का दावा है कि पिछले नौ वर्षों में किसानों को गन्ना मूल्य के रूप में 3.30 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री ने इन आंकड़ों को प्रदेश में कानून-व्यवस्था, विकास और किसान हित में किए गए बदलावों से जोड़कर पेश किया।

# आजमगढ़ में पत्नी, बेटे और दो पंडितों की हत्या का आरोपी ढेर

## पूजा को लेकर हुआ था विवाद

## पुलिस के मुताबिक फायरिंग के बाद आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई



**यूनिक समय, आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में पत्नी, दो पंडितों और अपने बेटे की हत्या के आरोपी अरविंद सिंह को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। घटना अहरौला थाना क्षेत्र के शंभुपुर गांव की है। पुलिस के अनुसार, अरविंद ने घर में पूजा कराने को लेकर हुए विवाद के बाद अपनी पत्नी बबिता सिंह और पूजा कराने पहुंचे दो पंडितों महेंद्र पाठक और अखिलेश मिश्रा को गोली मार दी थी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। आजमगढ़ के एसएसपी डॉ. अनिल कुमार ने आरोपी के एनकाउंटर में मारे जाने की पुष्टि की है। एसएसपी के मुताबिक, पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद अरविंद ने अपने बच्चों को एक कमरे में बंद कर लिया था। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान उसने अपने बेटे को भी गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर पुलिस टीम कमरे में दाखिल हुई।

# सई नदी में डूबे तीन युवकों के शव बरामद

## गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुआ हादसा दो मृतकों की पत्नियां गर्भवती



धीरज प्रमोद हरि प्रसाद

**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ के मोहनलालगंज में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सई नदी में डूबे तीन युवकों के शव बुधवार को बरामद कर लिए गए। हादसा मंगलवार शाम जाबरैला पुल के पास हुआ था। सिसेंडी गांव के लोग गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए नदी पहुंचे थे। इसी दौरान 35 वर्षीय धीरज गहरे पानी में डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए 40 वर्षीय हरिप्रसाद नदी में उतर गए, लेकिन वह भी डूब गए। इसी दौरान 22 वर्षीय प्रमोद भी नदी में चला गया और तीनों लापता हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस, स्थानीय गोताखोर और राज्य आपदा मोचन बल की टीम मौके पर पहुंची। रातभर नाव और बचाव उपकरणों की मदद से खोज अभियान चलाया गया। बुधवार सुबह धीरज और हरिप्रसाद के शव बरामद कर लिए गए, जबकि करीब तीन किलोमीटर के दायरे में तलाश के बाद सुबह 11:45 बजे प्रमोद का शव भी मिल गया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर से मृतकों के परिवारों में मातम छा गया। बताया गया है कि धीरज और हरिप्रसाद की पत्नियां गर्भवती हैं। घटना के बाद गांव में भी शोक का माहौल है।

# बालिग महिला को पति के साथ रहने की मिली अनुमति

## पिता ने घर में रखने का आरोप लगाया था

## कोर्ट ने कहा-वयस्क को पसंद का जीवनसाथी चुनने का अधिकार



**यूनिक समय, इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद की 26 वर्षीय महिला को उसके पिता की कस्टडी से मुक्त कर अपने पति के साथ रहने की अनुमति दी है। महिला ने दूसरे धर्म के व्यक्ति से शादी की थी। पिता ने उसके पति पर बेटी के अपहरण का आरोप लगाया था।
मामला बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका से जुड़ा था। सुनवाई के दौरान महिला को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जहां न्यायमूर्ति संदीप जैन की पीठ ने उससे अलग बातचीत कर उसकी इच्छा जानी। महिला ने कहा कि उसने अपनी मर्जी से शादी की है और वह अपने पति के साथ रहना चाहती है। उसने आरोप लगाया कि पिता ने उसे घर में रहने के लिए मजबूर किया था।
पिता ने बेटी के बयान पर दबाव में होने की बात कही। कोर्ट ने सभी पक्षों से बातचीत के बाद कहा कि बालिग व्यक्ति को अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने का अधिकार है और माता-पिता उसकी वैवाहिक पसंद को नियंत्रित नहीं कर सकते।

# गाजियाबाद में नकली सोना गिरवी रखकर 1.46 करोड़ का लोन

## फेडरल बैंक के 20 खातों में फर्जीवाड़ा

## 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**यूनिक समय, गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बैंक से गोल्ड लोन लेने के नाम पर बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आरडीसी स्थित फेडरल बैंक की शाखा में नकली सोने के आभूषण गिरवी रखकर करीब 1.46 करोड़ रुपये का लोन लेने का आरोप है। बैंक की आंतरिक जांच में गिरवी रखे गए ज्यादातर आभूषण नकली पाए गए। आरोप है कि गोल्ड वैल्यूअर और फिनटेक कंपनी से जुड़े लोगों की मिलीभगत से 20 अलग-अलग लोन खातों के जरिए बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।
बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक और शाखा प्रभारी शशिकांत वाणी की शिकायत पर कविनगर पुलिस ने 18 नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और आपराधिक साजिश समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत के मुताबिक, 20 खातों में से 17 खातों में फिनटेक कंपनी के प्रतिनिधियों के माध्यम से लोन कराया गया था। खास बात यह है कि सभी खातों में गिरवी रखे गए आभूषणों का मूल्यांकन एक ही एजेंसी की ओर से किया गया था। मामला 10 जून 2026 को उस समय सामने आया, जब दीपांशु बंसल अपने एक साथी के साथ बैंक शाखा में आभूषण गिरवी रखकर गोल्ड लोन लेने पहुंचा। रेंडम चेकिंग के दौरान बैंक अधिकारियों को आभूषणों की गुणवत्ता और असलियत पर संदेह हुआ। बैंक कर्मचारियों ने लोन की प्रक्रिया रोकने की कोशिश की, लेकिन दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने पहले से स्वीकृत गोल्ड लोन खातों में जमा आभूषणों की दोबारा जांच कराने का फैसला किया। स्वतंत्र वैल्यूअर से कराए गए ऑडिट में कई खातों में गिरवी रखा गया सोना नकली पाया गया।

# एसआईआर पर 14 आपत्तियां राहुल के आरोपों से बढ़ा विवाद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के भीतर कथित मतभेद की खबरों के बीच राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस महीनों में एसआईआर और मतदाता सूची से जुड़े फैसलों पर कम से कम 14 बार आपत्ति दर्ज की। इनमें नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम जोड़ने–हटाने, फॉर्म–6 में बदलाव और मतदाता डाटाबेस के नियंत्रण से जुड़े मुद्दे शामिल बताए गए हैं।

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि दोनों चुनाव आयुक्तों ने कुछ फैसलों की प्रक्रिया और जानकारी साझा किए जाने को लेकर सवाल उठाए। मतदाता डाटाबेस के नियंत्रण में केंद्रीकरण की आशंका और



फॉर्म–6 में एसआईआर से जुड़ी घोषणा जोड़ने पर भी आपत्ति का उल्लेख किया गया है। इसी बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग, भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा वीडियो में आरोप लगाया कि मतदाताओं के अधिकारों से जुड़ी प्रक्रिया में गलत काम हो रहा है। राहुल गांधी ने इसे लोगों के खिलाफ अपराध और



संविधान पर हमला बताते हुए कहा कि समय आने पर जिम्मेदारी तय होगी और न्याय होगा।

राहुल गांधी के आरोपों के बीच चुनाव आयोग ने आंतरिक मतभेद की बात खारिज की है। आयोग से जुड़े सूत्रों के अनुसार किसी मुद्दे पर अलग राय, सुझाव या टिप्पणी सामने आना सामान्य कामकाजी प्रक्रिया है। आयोग का कहना

### आयोग बोला–अलग राय सामान्य, फैसले मिलकर लिए

### राहुल ने कहा–वोट चोरी संविधान पर सीधा हमला

है कि एसआईआर समेत उसके सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की मंजूरी से लिए जाते हैं और फैसले सर्वसम्मति से हुए हैं।

इस पूरे विवाद में एक ओर रिपोर्ट में दर्ज कथित आपत्तियों को लेकर विपक्ष सवाल उठा रहा है, वहीं आयोग इन टिप्पणियों को औपचारिक असहमति मानने से इनकार कर रहा है।

# मेघालय में यूडीपी के आठ विधायक भाजपा में शामिल



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मेघालय में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के आठ विधायक बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। शिलांग में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और भाजपा नेता संबित पात्रा की मौजूदगी में विधायकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस बदलाव के बाद मेघालय विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या बढ़कर दस हो गई है। भाजपा में शामिल होने वाले विधायकों में लखमेन रिम्बुई, पायस मारवेन, किर्मेन श्यल्ला, मायरालबॉर्न सिएम, मैथ्यू कुर्बाह, ओलन सिंह सुइन, बालाजीद कुपर सिनरेम और सिनशर लिंगदोह थबाह शामिल हैं।


कार्यक्रम में किरेन रिजिजू ने कहा कि पिछले वर्षों में पूर्वोत्तर और मेघालय

### किरेन रिजिजू और संबित पात्रा ने किया स्वागत

### भाजपा की विधानसभा में संख्या बढ़कर अब दस हुई

में हुए विकास कार्यों तथा केंद्र सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर इन विधायकों ने भाजपा के साथ आने का निर्णय लिया। भाजपा नेताओं ने आठों विधायकों का स्वागत किया। यह घटनाक्रम मेघालय की राजनीति में महत्वपूर्ण दल–बदल के रूप में सामने आया है।

# यूएई में कर्नाटक के व्यक्ति की हत्या, शव नौ टुकड़ों में मिला



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में कर्नाटक निवासी एल्विन प्रकाश कुंदर की हत्या का मामला सामने आया है। उनका शव नौ टुकड़ों में एक कार से बरामद किया गया। शव के टुकड़ों को दो बैग में रखा गया था। घटना के बाद से उनकी पत्नी टीना कुंदर और बेटा लापता बताए जा रहे हैं। एल्विन प्रकाश कुंदर मूल रूप से उडुपी जिले के रहने वाले थे और पिछले करीब 14 वर्षों से शारजाह एयरपोर्ट पर काम कर रहे थे। उनकी पत्नी स्थानीय स्कूल में शिक्षिका हैं, जबकि बेटा दसवीं कक्षा में पढ़ता है। परिवार को एल्विन के भारत लौटने की जानकारी दी गई थी, लेकिन उनके भाई अनिल प्रशांत कुंदर को इस पर संदेह हुआ। अनिल ने शारजाह में रहने वाले

### कार में दो बैगों से बरामद हुए शव के टुकड़े

### पत्नी–बेटे के लापता होने से जांच और गहराई

एल्विन के एक परिचित से संपर्क कर जानकारी जुटाई। कंपनी की ओर से भी शुरुआत में बताया गया कि वह भारत जा चुके हैं। बाद में पासपोर्ट रिकॉर्ड की जांच में उनके शारजाह में ही होने की पुष्टि हुई। इसके बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। जांच के दौरान ओमान जाने वाले मार्ग के पास खड़ी कार से शव बरामद हुआ। पुलिस हत्या के कारण और आरोपियों की पहचान की जांच कर रही है।

# हाईवे पर टायर फटने से पलटी बस, बीस यात्री घायल



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के वाल्मीकि पुरम मंडल में मंगलवार को मदनपल्ली से तिरुपति जा रही एपीएसआरटीसी की नॉन–स्टॉप बस हादसे का शिकार हो गई। विरलम के पास हाईवे पर अचानक बस का टायर फट गया। इसके बाद चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और बस सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना में करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों और राहत दल ने घायलों को बस से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घायलों का उपचार जारी है और किसी की हालत गंभीर नहीं बताई गई है।

### मदनपल्ली से तिरुपति जा रही थी एपीएसआरटीसी बस

बताया जा रहा है कि बस मदनपल्ली से तिरुपति की ओर जा रही थी। हादसे की पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसमें बस अचानक अनियंत्रित होकर पलटती दिखाई दे रही है।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू की। प्रारंभिक तौर पर टायर फटना हादसे की वजह बताया जा रहा है। अधिकारियों ने वाहन की तकनीकी स्थिति की भी जांच शुरू कर दी है।

# बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन कई राज्यों में भारी बारिश

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना डीप डिप्रेशन लगातार पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार यह सिस्टम 23 सितंबर की रात उत्तर आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तट के बीच विशाखापत्तनम और गोपालपुर के आसपास से गुजर सकता है।

इसके प्रभाव से ओडिशा में भारी से अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी है। तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में भी कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में अत्यंत भारी बारिश की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने समुद्री इलाकों में तेज हवाओं और

### ओडिशा-आंध्र तट से टकराएगा सिस्टम, तेज हवाओं का अलर्ट

खराब समुद्री परिस्थितियों को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी है। हवाओं की रफ्तार 55 से 65 किलोमीटर प्रति घंटा और झोंकों के साथ 75 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और विदर्भ समेत पूर्वी व मध्य भारत के कई हिस्सों में भी बारिश की गतिविधियां बढ़ने का अनुमान है। ओडिशा के कई जिलों में एहतियातन शैक्षणिक संस्थान बंद किए गए हैं।

# बिना डेटा वाले रिचार्ज से मोबाइल का खर्च होगा कम



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मोबाइल पर केवल कॉल और एसएमएस का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण विनियम में संशोधन करते हुए कंपनियों के लिए केवल आवाज और एसएमएस सुविधा वाले रिचार्ज प्लान उपलब्ध कराना अनिवार्य किया है।

नए प्रावधान के तहत 30 दिन या उससे कम अवधि वाले रिचार्ज में कंपनियों को बिना डेटा वाला विकल्प देना होगा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं के लिए हर महीने एक तय तारीख पर रिचार्ज नवीनीकरण की सुविधा वाला विकल्प भी उपलब्ध कराना होगा।

30 दिन से अधिक अवधि के

### सिर्फ कॉल एसएमएस वालों को मिलेगा अलग प्लान

### बुजुर्गों और कम डेटा उपयोगकर्ताओं को राहत

रिचार्ज में भी कम से कम एक ऐसा प्लान रखना अनिवार्य किया गया है, जिसमें केवल कॉल और एसएमएस की सुविधा हो। इन प्लान में डेटा शामिल नहीं होगा, जिससे कम डेटा इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को अपनी जरूरत के अनुसार रिचार्ज चुनने का विकल्प मिलेगा।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के अनुसार, इस फैसले से खासतौर पर बुजुर्गों और उन उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी, जिन्हें इंटरनेट की जरूरत कम पड़ती है। नियम तैयार करने से पहले मिले सुझावों पर भी विचार किया गया।

# साबुन–शैंपू पर भी दिखेगा वेज–नॉनवेज का निशान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अब रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले साबुन, शैंपू और टूथपेस्ट जैसे कॉस्मेटिक्स व टॉयलेट्री उत्पादों की पहचान करना उपभोक्ताओं के लिए आसान होगा। केंद्र सरकार ने इन उत्पादों की पैकेजिंग पर उनके शाकाहारी या मांसाहारी मूल की जानकारी देने के लिए नए नियम लागू किए हैं। इसका उद्देश्य ग्राहकों को उत्पाद की सामग्री और उसके मूल के बारे में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराना है।

नए प्रावधानों के तहत शाकाहारी मूल वाले उत्पादों की पैकेजिंग पर हरे रंग का बिंदु लगाना होगा। वहीं मांसाहारी मूल से जुड़े उत्पादों के लिए लाल या भूरे रंग का निशान निर्धारित किया गया है। यह चिन्ह पैकेट के मुख्य प्रदर्शित



हिस्से के ऊपरी भाग में स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए, ताकि ग्राहक खरीदारी के समय इसे आसानी से पहचान सकें। यह व्यवस्था उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की ओर से लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में किए गए संशोधन के बाद लागू हुई है। इसके लिए मंत्रालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। नए प्रावधानों के प्रभावी होने के बाद संबंधित कंपनियों को अपनी पैकेजिंग निर्धारित मानकों के अनुरूप करनी होगी।

नए निशान से ग्राहकों को उत्पाद की श्रेणी पहचानने में सुविधा होगी। अभी कई उत्पादों में इस्तेमाल होने

### हरे निशान से पहचानेंगे शाकाहारी मूल वाले उत्पाद

### लाल–भूरे निशान से मांसाहारी मूल होगा स्पष्ट

वाली सामग्री की जानकारी पैकेट पर छोटे अक्षरों में दी जाती है। ऐसे में पूरी सामग्री पढ़े बिना उत्पाद के मूल का पता लगाना मुश्किल हो सकता है। निर्धारित रंग और निशान से यह जानकारी पैकेट पर ही प्रमुखता से उपलब्ध होगी। इससे ग्राहक अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार उत्पाद का चयन कर सकेंगे।

# वामन भगवान के जयघोष से गूंज उठी कृष्ण नगरी





बुधवार शाम को निकाली गई श्री वामन भगवान शोभायात्रा में शामिल विधायक श्रीकांत शर्मा, रामगोपाल शर्मा आदि समिति के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** भगवान वामन के जयघोष और भक्ति के रंग में बुधवार को मथुरा नगरी सराबोर नजर हो गई। श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के तत्वावधान में चतुर्थ श्री वामन भगवान शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। कुंज बिहारी मंदिर, डीग गेट से शुरू हुई शोभायात्रा में भव्य झांकियां, अखाड़े और धार्मिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और आरती कर भगवान वामन का स्वागत किया। पूरे शहर में जय श्री वामन भगवान के जयघोष गूंज उठे। शोभायात्रा का शुभारंभ समिति के

### असत्य पर सत्य की विजय का संदेश लेकर निकली वामन भगवान की शोभायात्रा

### पुष्पवर्षा और आरती से हुआ जगह-जगह स्वागत, एक दर्जन से अधिक झांकियों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

संस्थापक श्याम शर्मा, मुख्य संरक्षक रामगोपाल शर्मा, कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय हरियाणा और विधायक श्रीकांत शर्मा सहित अतिथियों ने भगवान वामन और राजा बलि के चित्रपट पर आरती-पूजन कर किया।

मुख्य संरक्षक रामगोपाल शर्मा ने कहा कि भगवान वामन का अवतार धर्म की रक्षा और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। वामन भगवान की शोभायात्रा धार्मिक आयोजन के साथ सनातन संस्कृति की जीवंत परंपरा भी है। समिति के संस्थापक श्याम शर्मा ने कहा कि मथुरा में निकलने वाली वामन भगवान की शोभायात्रा की अपनी विशेष पहचान है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से आयोजन की भव्यता लगातार बढ़ रही है।

इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, डॉ. देवेंद्र शर्मा, विधायक पूरन प्रकाश, घनश्याम हरियाणा, संजय शर्मा, नारायण शर्मा, गोपाल शर्मा, विजय शर्मा, आशीष शर्मा, अजय शर्मा, ज्ञानेंद्र दीक्षित, कुलदीप शर्मा, सर्वेश चतुर्वेदी, राकेश पाठक, माधुरी शर्मा, जमुना शर्मा, उमा शर्मा, गुंजन शर्मा, अभिषेक शर्मा, राहुल शर्मा, पिंकी द्विवेदी और रुचि द्विवेदी सहित समिति आदि मौजूद रहे। संचालन देवेंद्र हरियाणा ने किया। शोभायात्रा को सफल बनाने में उद्योग पति जलपुरूष प्रमोद कसरे, अशोक अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपक सिंघल, शोभाराम शर्मा, सोहनलाल शर्मा, वत्सल भाटिया और नरेंद्र गुर्जर सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

## गणपति विसर्जन के दौरान उमड़ी श्रद्धा



थाने वाली गली से गणपति विसर्जन को ले जाते श्रद्धालु।

**यूनिक समय, फरह।** बुधवार को कस्बा में गणपति विसर्जन की धूम मची रही। डीजे और बैंड- बाजों के साथ बप्पा को विदाई दी गई। गुलाल की वर्षा से माहौल सतरंगी होता रहा। यमुना किनारे भारी भीड़ नजर आई।

कस्बा में धूमधाम से गणपति बप्पा का विसर्जन किया गया। ढोल नगाड़ों की थाप गजानन के भक्तों को नाचने पर मजबूर कर रही थी। युवाओं में खासा जोश दिखाई दे रहा था। महिलाएं एक दूसरे को गुलाल लगा रहीं थीं। कस्बा फरह में गणपति विसर्जन यात्रा का शुभारम्भ सुबह नौ बजे से हुआ। दोपहर तक विभिन्न पंडालों के गणपति को श्रृद्धालु सलेमपुर स्थित यमुना नदी के किनारे बने कुण्ड तक विसर्जन के लिए ले जाते नजर आए। कस्बा फरह के अलावा देहात क्षेत्र में भी गणपति विसर्जन की धूम रही।

## नाती का अपहरण कर धमकी देने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** बल्देव पुलिस ने एक अभियुक्त को जान से मारने की नीयत से नाती का अपहरण करने और तमंचा गोद में रख कर फोटो खींच कर धमकी देने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गांव भरतिया निवासी अभियुक्त अर्जुन वांछित चल रहा था। उस पर दूसरे पक्ष से चल रहे मुकदमे में धमकी देने के लिए उसके नाती को जान से मारने के लिए अगवा करने और तमंचा गोद में रख कर जानसे मारने की धमकी देने की रिपोर्ट थी। पुलिस ने अभियुक्त अर्जुन को छरौठा से बिसावर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है।

## गणेश उत्सव में गूंजा गणपति बप्पा मोरिया का जयघोष



जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा के कार्यक्रम में प्रस्तुति के दौरान कलाकार और पदाधिकारी।

### विंटेज कार में प्रतिमा विराजमान कर मनाया उत्सव

### कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा भक्तिमय समां

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा ने टाउनशिप के निकट स्थित होटल में सेवा सप्ताह के छठे दिन प्रदीप फौजदार की अध्यक्षता में गणेश उत्सव मनाया। पुष्पों से सजी विंटेज कार में गणेश प्रतिमा को विराजमान कर बैंड-बाजों और ढोल-ताशों के साथ सदस्य नृत्य करते हुए मंच तक पहुंचे। गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम संयोजक सुशील-सुभाष चौधरी, डॉ. अनीता-डॉ. अशोक सिकरवार, डॉ. शैफाली-डॉ. ललित वार्ष्णेय, शशि-अतुल अग्रवाल, रचना-मनीष अरोड़ा, सरिता-उमेश जुगसना, अंशु-गोपाल अग्रवाल, गरिमा-आशीष साहू, योगिता-अशोक मित्तल, सीमा-पीयूष जैन, संगीता-प्रदीप सामरिया, भाग्यश्री-मनोहर गंगवानी, अनुपम-हेमंत अग्रवाल और राधिका-गौरशरण अग्रवाल सहित सदस्य मौजूद रहे।

आकाश शर्मा इवेंट्स के कलाकारों ने गणेश वंदना पर प्रस्तुतियां दीं। एंकर मनोज राठौर ने धार्मिक प्रश्नोत्तरी कराई। मिताली फौजदार ने शिव तांडव स्तुति प्रस्तुत की।

आकाश शर्मा के भजन ने उत्सव में रंग भर दिया। प्रदीप फौजदार ने आभार जताया। डॉ. अशोक अग्रवाल, उमेश गुड़ेरा, दाऊ दयाल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, राजेश गुप्ता, राजीव गोयल, सौरभ अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, तेज मानिक, प्रवीन मित्तल, उमेश अग्रवाल और दिनेश खंडेलवाल उपस्थित रहे।

## बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, बहन की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र स्थित पौरी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे में एक किशोरी की मौत हो गई। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि पौरी निवासी आशीष अपनी बहन पल्लवी (12) साल और चाची कमला पत्नी विकास के साथ बाइक से खेत पर बने मकान के लिए जा रहा था। रास्ते में ग्राम पोरी पर उत्तरी बाइपास रोड पर एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पल्लवी की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना में आशीष और कमला बुरी तरह से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पल्लवी के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## दुकान खाली कराने को लेकर धमकी का आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्णानगर स्थित दुकान को खाली कराने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। बैंक कॉलोनी निवासी जितेन्द्र प्रजापति की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जितेन्द्र प्रजापति ने पुलिस को बताया कि वह कृष्णानगर स्थित एक दुकान में वर्ष 2011 से कारोबार कर रहा है। दुकान के हिस्सेदारों से किराये को लेकर समझौता हुआ था। वर्ष 2024 में दुकान के एक हिस्से का बैनामा उनके नाम कराया गया और इसके बाद से वह दुकान पर अपना कारोबार कर रहे हैं। दुकान खाली कराने को लेकर प्रेमचन्द, कुमार सानू , पवनोद, राजू, ध्रुव, विवेक, संजू तथा अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें धमकी दी।

## जमीन पर दुकान निर्माण को लेकर मारपीट का आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव गांठौली में जमीन पर दुकान निर्माण को लेकर विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में शुभम निवासी बरसाना, वर्तमान निवासी गांठौली, की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत में सूरज, रिषी, सुनीता और यश के नाम बताए गए हैं। जतीपुरा मंदिर के पास मुजारबिंद जमीन में उसके पिता और चाचा की साझेदारी है। आरोप है कि चाचा सूरज अपने हिस्से में दुकान चला रहे हैं, जबकि शिकायतकर्ता और उसका भाई पिता के हिस्से की जमीन पर दुकान का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान सूरज, रिषी, सुनीता और यश मौके पर पहुंचे और दुकान निर्माण में बाधा डालने लगे।

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**यूनिक समय, बरसाना।** थाना क्षेत्र में शराब की दुकान पर काम करने वाले जनक सिंह निवासी गांव ऊंचागांव ने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के संबंध में पुलिस को शिकायत दी है। जनक सिंह के अनुसार, वह बरसाना-छाता रोड स्थित कंपोजिट शराब की दुकान पर सेल्समैन का काम करते हैं। आरोप है कि निर्धारित समय रात करीब 10 बजे दुकान बंद करने के बाद दो मोटरसाइकिलों से चार लोग शराब मांगने पहुंचे। समय समाप्त होने की बात कहकर शराब देने से मना करने पर वे धमकी देकर चले गए। कुछ देर बाद छह लोग वापस आए, जिनके हाथों में सरिया और डंडे थे। आरोप है कि उन्होंने जनक सिंह और उनके साथी के साथ मारपीट की। घटना में मनमोहन घायल हो गए।

## सेवा सप्ताह के बाद जायंट्स ग्रेट डे समारोह आयोजित



विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता राजीव गर्ग को सम्मानित करते जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा मेन के पदाधिकारी।

### सेवा कार्यों में योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया

### पौधारोपण, वस्त्र वितरण और गौसेवा से दिया सेवा संदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा मेन की ओर से जायंट्स सेवा सप्ताह के सफल आयोजन के बाद ग्रेट डे समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि यूपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर राजीव गर्ग रहे। अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया।

उन्होंने सेवा सप्ताह के दौरान हुए पौधारोपण, वस्त्र वितरण, गौसेवा और स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों की सफलता पर सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सेवा जायंट्स की पहचान है, जबकि सहयोग और एकता संगठन की ताकत हैं।

सेवा सप्ताह के मुख्य कन्वीनर और वीक कन्वीनर देवेंद्र कुशवाहा सहित सभी कन्वीनरों और सदस्यों के योगदान की सराहना की गई। अध्यक्ष ने सचिव रितेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश यादव और कार्यकारिणी के सदस्यों का भी विशेष आभार व्यक्त किया।

समारोह में एसपी चतुर्वेदी, मुकेश अग्रवाल, राजेश बजाज, मोहन बाबू आर्य, जुगल किशोर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रदीप खंडेलवाल, राजीव अरोड़ा, डॉ. विकास दुबे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। संचालन मीरा अग्रवाल ने किया।